दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 86 | जयपुर, मंगलवार, 05 मार्च, 2024 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष- दशमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

### जरूरी खबर

## चुनाव से पहले बड़ा फेरबदल...106 RAS और 74 RPS बदले

**जयपुर।** प्रदेश में आचार संहिता लगने से पहले बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। प्रदेश की भजनलाल सरकार ने सोमवार को एक आदेश जारी कर 106 आरएएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। कार्मिक विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार सात आरएएस अफसरों के पहले किए गए तबादले रद्द किए गए हैं। कार्मिक विभाग ने सभी अफसरों को तत्काल नई जगह पर जॉइन करने के आदेश दिए हैं, इन अफसरों को जॉइनिंग के लिए वक्त नहीं मिलेगा। इसके साथ ही सरकार ने 74 आरपीएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। चुनावों की आचार संहिता से पहले इस प्रशासनिक फेरबदल को अहम माना जा रहा है। इससे पहले पिछले सप्ताह आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अफसरों के तबादले हुए थे।

## इलेक्टोरल बॉन्ड: SBI ने 30 जून तक की मांगी मोहलत



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने राजनीतिक दलों के इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 6 मार्च तक चुनाव आयोग को जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। एसबीआई ने कोर्ट में आवेदन दायर करके कहा कि उन्हें डिटेल निकालने के लिए समय चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को राजनीतिक फंडिंग के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ये स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### 'मिशन 25' की तैयारियों को लेकर PM फिर राजस्थान के दौरे पर: जैसलमेर में करेंगे जनसभा, BJP कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

# लोकसभा 'रण' से पूर्व पोकरण में युद्धाभ्यास देखने आएंगे मोदी

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपने पूरे दमखम से चुनावी तैयारी में जुट गई है। भाजपा ने प्रदेश में 15 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

इधर, पीएम नरेंद्र मोदी एक बार फिर राजस्थान में 12 मार्च को भाजपा में जोश भरने के लिए जैसलमेर आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच पीएम मोदी का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है। इस दौरान पीएम मोदी सैन्य युद्ध अभ्यास देखेंगे। साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसको लेकर भाजपा ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी।

भाजपा की पहली सूची जारी होने के बाद संगठन अपनी तैयारी में पूरी तरह जुट गया है। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी जैसलमेर में संगठन के कुछ कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगे।

इस दौरान एक जनसभा को भी पीएम मोदी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रदेश की भाजपा में हलचल तेज हो गई है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारी भी तेज हो गई है।



### जवानों की करेंगे हौसला अफजाई

प्रधानमंत्री 12 मार्च को अपने जैसलमेर दौरे पर पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में जारी 'भारत शक्ति' युद्धाभ्यास में शामिल होंगे। वे यहां तेजस लड़ाकू विमान, के-9 आर्टिलरी गन और स्वदेशी ड्रोन की ताकत के साथ ही भारतीय सेना के युद्ध कौशल को नज़दीक से देखेंगे। इसी दौरान वे जवानों के बीच में रहकर उनका हौसला भी बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित जैसलमेर दौरे में उनके साथ डिफेन्स मिनिस्ट्री के कई आला अफसर भी रहेंगे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के अलावा तीनों सेनाओं के प्रमुख भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

### बीजेपी में बैठकों का दौर जारी

राजस्थान में बीजेपी के मिशन 25 को लेकर बैठकों का दौर लगातार जारी हैं। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में बैठकें हो रही हैं। इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर बनाए गए संयोजक, प्रभारी और सह प्रभारी ने हिस्सा ले रहे हैं। बैठकों में बीजेपी की मिशन 25 को लेकर रणनीति तैयार की गई। पहली सूची जारी होने के बाद बीजेपी ने अपना पूरा प्लान तैयार किया। वहीं चुनावी तैयारियों पर मंथन भी किया जा रहा है।

### 'वोट के बदले नोट' मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पलटा अपना 26 साल पूर्व का फैसला

# सांसद-विधायकों को घूसखोरी में छूट नहीं

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वोट के बदले नोट मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इस संबंध में 5 जजों की संविधान पीठ के 1998 वाले फैसले को पलट दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस संबंध में सांसदों को राहत देने पर सहमत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कानून के संरक्षण में सांसदों को छूट देने से इनकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को घूस की छूट नहीं दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात जजों की संवैधानिक बेंच इस मामले में सुनवाई की। पीठ ने कहा कि वोट के लिए नोट लेने वालों पर केस चलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के सात जजों की बेंच ने सोमवार को 1998 के फैसले को खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने इस मामले में सुनवाई के बाद 5 अक्टूबर, 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था।




### लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नष्ट कर देती है रिश्वतखोरी

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस पीवी संजय कुमार की पीठ ने सुनाया फैसला। पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है क्योंकि रिश्वतखोरी में लिप्त सदस्य एक आपराधिक कृत्य में लिप्त होता है। पीठ ने कहा कि हम पीवी नरसिम्हा मामले में फैसले से असहमत हैं। पीवी नरसिम्हा मामले में फैसले, जो विधायक को वोट देने या भाषण देने के लिए कथित तौर पर रिश्वत लेने से छूट प्रदान करता है, के व्यापक प्रभाव हैं और इसे खारिज कर दिया है। पीठ ने कहा कि विधायकों द्वारा भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारतीय संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नष्ट कर देती है।

### 5 जजों की पीठ ने सुनाया था फैसला

सुप्रीम कोर्ट के सात जजों की बेंच ने उस मामले में फैसला सुनाया जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में वोट व भाषण के बदले नोट के मामले में केस से छूट है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह इस मुद्दे को डील करेंगे कि क्या सांसदों को मिली छूट तब भी जारी रहेगी जब मामला आपराधिक हो? सुप्रीम कोर्ट ने 1998 में दिए अपने फैसले में कहा था कि एमपी और एमएलए को सदन में वोट और बयान के बदले कैश के मामले में मुकदमा चलाने से छूट है।

### 1998 में क्या दिया था फैसला?

अभी तक निर्वाचित जनप्रतिनिधि वोट के बदले रिश्वतखोरी करने पर आपराधिक मुकदमे से बच जाते थे। इसकी वजह 1998 में आया सुप्रीम कोर्ट का पीवी नरसिम्हा राव बनाम संघ निर्णय था। तब पांच न्यायाधीशों की पीठ के फैसले में कहा गया था कि संसद में एक निश्चित तरीके से वोट देने के लिए रिश्वत लेने वाले सांसदों को संविधान द्वारा संरक्षित किया जाता है। अब सात न्यायाधीशों की पीठ ने अनुच्छेद 105 और अनुच्छेद 195 के तहत राज्य विधानमंडलों और संसद के सदस्यों को दी गई छूट को खत्म कर दिया है। गौरतलब है कि अनुच्छेद 105 में संसद सदस्यों जबकि अनुच्छेद 195 में राज्य विधानमंडलों के सदस्यों के विशेषाधिकार दिए गए हैं। सांसद और विधायक को यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ अधिकार और छूट दी जाती है कि वे सदन में अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें।



### मोदी ने किया ट्वीट

अब शीर्ष न्यायालय के इस फैसले पर पीएम मोदी का रिएक्शन आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, "सुप्रीम कोर्ट का एक महान निर्णय लिया है, जो स्वच्छ राजनीति सुनिश्चित करेगा और सिस्टम में लोगों का विश्वास गहरा करेगा।"

### पेपर लीक मामले में SOG का बड़ा एक्शन

# टॉपर सहित 15 एसआई को लिया हिरासत में

बेधड़क | जयपुर


पेपर लीक मामले में एसओजी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेनिंग ले रहे 15 एसआई को हिरासत में लिया है। सोमवार को एसओजी ने राजस्थान पुलिस अकादमी और राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग अकादमी में ट्रेनिंग ले रहे 15 एसआई पर शिकंजा कसते हुए उन्हें हिरासत में लिया है। इस संबंध में एसओजी ने एक नया केस दर्ज किया है, जिसमें अनुसंधान जारी है। पुलिस की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी गई।

एसआई भर्ती परीक्षा मामले में एसआईटी ने एडीजी (एसओजी-एटीएस) के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए नया केस दर्ज कर संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इस पोस्ट में बताया गया है कि परीक्षा टॉपर सहित 15 संदिग्ध प्रशिक्षु को हिरासत में लिया है, जो राजस्थान पुलिस अकादमी और पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, किशनगढ़ में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### पुलिस अकादमी और ट्रेनिंग सेंटर पहुंची एसओजी की टीम

एसओजी की टीम सोमवार सुबह जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी और किशनगढ़ स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल पहुंची। जहां से एसआई भर्ती-2021 में पास होकर प्रशिक्षण ले रहे 15 एसआई को हिरासत में लिया गया है। इसके बाद एसओजी की टीम इन संदिग्धों को लेकर जयपुर में एसओजी मुख्यालय लेकर पहुंची, जहां इनसे पूछताछ की जा रही है। ऐसे में बताया जा रहा है कि पूरे मामले को लेकर एसओजी-एटीएस के एडीजी वीके सिंह जल्द बड़ा खुलासा करेंगे।

### डालूराम और जगदीश को किया जा चुका है अरेस्ट



एसओजी ने राजस्थान पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षु एसआई डालूराम को 2 फरवरी को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि डालूराम ने अपनी जगह सांचोर के हरचंद को परीक्षा में बिठाया था। उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पिछले दिनों एसओजी ने पेपर लीक गिरोह के मास्टरमाइंड जगदीश विश्नोई को पकड़ा था। इन सभी से पूछताछ में एसओजी को बड़ी लीड मिली। इसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

## बोर्ड एग्जाम में पकड़े दो डमी और एक नकलची

बेधड़क | अजमेर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में सोमवार को जोधपुर के ओसियां में दो फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए। वहीं, नागौर में एक मामला भी एक मामला नागौर में सामने आया है। इन सभी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि नकल रोकने के लिए तैयार टीम ने नागौर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरनेल में आकस्मिक चेकिंग के दौरान एक परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा गया। इसके साथ ही ओसियां (जोधपुर) की हायर सेकेंडरी में नकल के 2 प्रकरण पकड़े गए। स्वयंपाठी परीक्षार्थी के दस्तखत संदेहपूर्ण लगने पर सूचना पर्यवेक्षक को दी गई। इसकी जांच में सामने आया कि परीक्षार्थी फर्जी आधार कार्ड लेकर परीक्षा में बैठा है। इसके बाद टीम द्वारा सघन तलाशी में एक और फर्जी परीक्षार्थी मिला। इन दोनों परीक्षार्थियों का नियमानुसार बयान दर्ज कर पुलिस थाना ओसियां में मामला दर्ज करवा दोनों को पुलिस के सुपुर्द किया गया।

## किसान आंदोलन को भड़काने की साजिश!

**नई दिल्ली।** किसान आंदोलन को भड़काने के लिए खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने बड़ा प्लान तैयार किया है। गुरपतवंत सिंह पन्नू ने टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से अपने समर्थकों को न सिर्फ हथियार उठाने के लिए उकसाया है, बल्कि पाकिस्तान से लगते हुए पंजाब और राजस्थान के बॉर्डर पर हथियारों के उपलब्ध कराने का पूरा प्लान भी बताया है। एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक शांतिपूर्वक आंदोलन करने वाले किसानों के बीच कुछ ऐसे तत्वों के प्रवेश करने का पूरा खाता तैयार किया गया है, जिससे माहौल बिगड़े।

### कीर्तिमान स्थापित: दो जटिल ऑपरेशन बने मिसाल

# गर्भ में पल रही बच्ची के पेट में 14 सप्ताह का भ्रूण... ऑपरेशन कर निकाला

- दो मलद्वार वाली ढाई साल की मासूम बच्ची का भी किया सफल ऑपरेशन
- मां की डिलिवरी के बाद हुई बच्ची का किया जटिल ऑपरेशन
- कुदरत की लीला... गर्भ में ही पलती बच्ची हो गई गर्भवती

नवीन वैष्णव | बेधड़क

**अजमेर।** अजमेर संभाग का सबसे बड़ा जवाहर लाल नेहरू अस्पताल नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस मर्तबा शिशु शल्य इकाई ने लाखों रुपए की लागत के दो जटिल ऑपरेशन निशुल्क कर दो मासूम बच्चियों को सामान्य जिंदगी की सौगात दी। जहां पहले ऑपरेशन में गर्भ में पल रही बच्ची के पेट में पल रहे बच्चे की सर्जरी की, वहीं ढाई साल की बच्ची के दो मलद्वार का ऑपरेशन कर एक द्वार को बंद कर उसे बड़ी राहत प्रदान की।

शिशु शल्य इकाई की विभागाध्यक्ष डॉ. गरिमा अरोड़ा बताती हैं कि अस्पताल में एक व्यक्ति ने आकर गर्भ में पल रही बच्ची के पेट में गांठ होने की रिपोर्ट की बात कही थी। इसकी जांच कर बच्ची की मां की डिलिवरी के बाद मिलने की बात कही। डिलिवरी के बाद बच्ची को भर्ती कर बच्ची का जटिल ऑपरेशन कर 400 ग्राम वजनी भ्रूण को निकाला गया। अब बच्ची पूर्णतया स्वस्थ है।



**ये टीम रही शामिल:** ऑपरेशन करने वाली टीम में सहायक आचार्य डॉ. दिनेश बरोलिया, रेजिडेंट चिकित्सक डॉ. दीक्षा नामा, डॉ. रोहित जैन, एनेस्थीसिया की विभागाध्यक्ष डॉ. वीना माथुर, सह आचार्य डॉ. मैना सिंह, सहायक आचार्य डॉ. ऋचा सिंह, नर्सिंग ऑफिसर समिता, राजेश, रजनी, सुधा सहित अन्य शामिल रहे।

### दो मलद्वार की पीड़ा झेल रही थी ढाई साल की मासूम

शिशु शल्य इकाई की विभागाध्यक्ष डॉ.गरिमा अरोड़ा ने बताया कि इसी तरह उनकी टीम ने दूसरे ऑपरेशन में ढाई साल की मासूम बच्ची को राहत प्रदान की। हुआ यूं कि बच्ची की दूसरी आंत को निकाला गया, साथ ही शरीर के अन्य अंगों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखते हुए यह ऑपरेशन किया। इस ऑपरेशन की फीस भी प्राइवेट हॉस्पिटल में लगभग पांच से दस लाख रुपए तक है, जिसे भी पूर्णतया निशुल्क किया गया। अस्पताल के कार्यवाहक अधीक्षक डॉ.अरविंद खरे ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार सभी मरीजों को उपचार देने के लिए अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह मुस्तैद है। इसके तहत जहां शिशु शल्य चिकित्सा इकाई में ऑपरेशन किया गया, वहीं अन्य डिपार्टमेंट में भी नित नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंगदान को लेकर भी अस्पताल की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं।

## जरूरी खबर

### 111 अधिशाषी अभियंताओं को मिली पदोन्नत




**जयपुर।** राज्य सरकार ने जल संसाधन विभाग के 111 कार्मिकों को पदोन्नति प्रदान की है। सरकार के इस निर्णय से प्रशासनिक ढांचा सुदृढ़ होने के साथ ही प्रदेश के दूर - सुदूर क्षेत्रों में भी जल पहुंचाने का संकल्प साकार होगा। राज्य सरकार ने सोमवार को एक आदेश जारी कर विभाग के 17 अधिशाषी अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता, 47 सहायक अभियंताओं को अधिशाषी अभियंता, 44 कनिष्ठ अभियंता को सहायक अभियंता, 3 वरिष्ठ अनुसंधान सहायक को सहायक अनुसंधान अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया है।

### प्रो. निष्ठा जसवाल विधि विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्त

**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने आदेश जारी कर हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, शीमला की पूर्व कुलपति प्रो. निष्ठा जसवाल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति पद पर नियुक्त किया है। मिश्र ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है। मिश्र ने कुलपति पद पर यह नियुक्ति प्रो. निष्ठा जसवाल के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

### भूमाफिया के खिलाफ किया प्रदर्शन



**जयपुर।** राजधानी के सांगानेर स्थित वाटिका में हसनपुरा ए गृह निर्माण सहकारी समिति के पदाधिकारियों व काश्तकारों और भूमाफिया की मिलीभगत से सोसाइटी द्वारा काटी गई स्कीम में सभी भूखण्ड धारियों के प्लॉटों को खुर्द बुर्द कर हड़प लेने का मामला सामने आया है। इस समस्या से परेशान होकर लगभग 275 भूखण्ड धारियों ने इस मामले में जेडीए और पुलिस प्रशासन को शिकायत देकर इस समस्या से राहत देने की मांग की है। यह जानकारी पीड़ित भूखण्ड धारियों ने सोमवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में सोसाइटी के पदाधिकारियों और काश्तकारों ने किसी भूमाफिया के साथ मिलकर भूखण्ड धारियों के अधिकारों पर कुठाराघात करते हुए उस पूरी जमीन पर अतिक्रमण करने की नीयत से 20-20 फुट की लगभग 500 लोहे की चादरें लगाकर और दीवार बनाकर ढक दिया।

---

**सतत विकास लक्ष्यों में तेजी लाने के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन**

# राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नवाचार : नीति आयोग

**बेधड़क** | जयपुर




मेजबान राजस्थान सरकार तथा यूएनडीपी और यूएन की साझेदारी में नीति आयोग द्वारा सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में तेजी लाने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर में शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन में 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और भारत सरकार के मंत्रालयों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी सम्मिलित हुए।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मेलन देश भर से एसडीजी पर सीख और अच्छी प्रथाओं को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में एनआईटीआई की भूमिका का उदाहरण देता है। मैं इस बात से बेहद उत्साहित हूं कि एसडीजी को जिला, ब्लॉक और स्थानीय स्तर तक आगे बढ़ाने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में काफी नवाचार हो रहा है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य एसडीजी स्थानीयकरण पर जायजा लेने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बुलाना, उपराष्ट्रीय स्तर पर एसडीजी को संस्थागत बनाने पर अनुभवों का आदान-प्रदान करना, राष्ट्रीय और उपराष्ट्रीय स्तर पर एसडीजी वित्त परिदृश्य का पता लगाना और प्रगति में तेजी लाने के लिए एक मार्ग तैयार करके निष्कर्ष निकालना है।

### एसडीजी को लगातार आगे बढ़ाना

इस दौरान डॉ. वी.के. पॉल, सदस्य (स्वास्थ्य) नीति आयोग ने अपने उद्‌घाटन भाषण में कहा कि हमें एसडीजी को लगातार आगे बढ़ाना चाहिए। मुझे यकीन है कि यह सम्मेलन न केवल कम जोखिम वाले या उच्च प्रभाव वाले लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करेगा, बल्कि कठिन लक्ष्यों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि एसडीजी पर प्रगति में तेजी लाना विकसित भारत और विकसित राजस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। मुझे यकीन है कि सम्मेलन हमारे सामूहिक प्रयासों को और मजबूत करेगा।

### यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे

नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार (एसडीजी) डॉ. योगेश सूरी ने उपराष्ट्रीय स्तर पर विकास परिणामों में तेजी लाने पर कहा कि भारत एसडीजी की सापेक्ष सफलता निर्धारित करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। दुनिया और हमारे राज्य और केंद्रशासित प्रदेश इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट समन्वयक श्री शोम्बी शार्प ने कहा कि मैं एसडीजी स्थानीयकरण के इस प्रभावशाली स्तर का नेतृत्व करने, एसडीजी की निगरानी बढ़ाने के लिए नीति आयोग की सराहना करना चाहता हूं।

---

**सीएम भजनलाल शर्मा ने दिए शिक्षा विभाग की बैठक में निर्देश**

# निजी स्कूलों से टक्कर लेने लायक बनें सरकारी स्कूल

**बेधड़क** | जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमारा उद्देश्य गांव, कस्बे से लेकर शहर तक शिक्षा का ऐसा वातावरण विकसित करना है, जिससे हर वर्ग का विद्यार्थी सुंदर भविष्य का सपना देख सके और उसे पूरा भी कर सके।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में स्कूल, उच्च, तकनीकी एवं संस्कृत शिक्षा विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निजी क्षेत्र के विद्यालयों के समान राजकीय विद्यालयों में भी आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं एवं संसाधन उपलब्ध कराने की योजना बनाने के निर्देश दिए ताकि जरूरतमंद परिवार के विद्यार्थी को भी उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराई जा सके। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों में शिक्षक कठिन परीक्षा को पास कर नियोजित होते हैं। उनमें विद्यार्थियों के भविष्य को बनाने की पूर्ण क्षमता होती है।

मुख्यमंत्री ने राजकीय विद्यालयों में रिक्त पदों को भरने के लिए मानव संसाधनों के सामंजस्यपूर्वक उपयोग की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति करने के लिए नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। इससे जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, वहां विद्यार्थियों को प्राथमिकता से एवं समय पर शिक्षक मिल सकेंगे।

शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के अनियमित स्थानान्तरण के कारण विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होती है। इसके समाधान के लिए शिक्षा विभाग को पारदर्शी स्थानान्तरण नीति तैयार करनी चाहिए। इससे शिक्षकों का योग्यता के आधार पर एवं सही समय पर स्थानान्तरण सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को शिक्षा के सुधार के लिए कुछ जिलों में नवाचार करने के निर्देश भी दिए। जिन्हें निकट भविष्य में पूरे प्रदेश में लागू किया जा सके और राजस्थान पूरे देश में उत्कृष्ट शिक्षा का मॉडल बनकर उभरे।

शर्मा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बजट घोषणा 2024-25 (लेखानुदान), 100 दिवसीय कार्य योजना एवं संकल्प पत्र में शामिल घोषणाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस की समीक्षा करते हुए इस योजना में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों को शामिल करने के निर्देश दिए।

साथ ही, उन्होंने राजस्थान पाठ्य पुस्तक मण्डल को पुस्तकों की खरीद प्रक्रिया में सुधार लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रक्रियाधीन भर्तियों की स्थिति, विद्या सम्बल योजना, स्कूटी एवं साइकिल वितरण योजना, छात्रवृत्ति योजना, पीएम उषा योजना के संबंध में विस्तृत समीक्षा की।

### संस्कृत शिक्षा के प्रसार पर गंभीरता से करें कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत भाषा के ज्ञान से व्यक्ति के आचार, विचार और संस्कार में सकारात्मक बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध है और इस दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। उन्होंने संस्कृत शिक्षा विभाग को शिविर एवं गोष्ठियों का आयोजन कर विद्यार्थियों को संस्कृत शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए विभागीय वार्षिक कलेण्डर प्रकाशित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सुबीर कुमार, स्कूल शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल, संस्कृत शिक्षा सचिव पूनम सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**साइबर फ्रॉड रोकने के लिए चक्षु पोर्टल लॉन्च**

# अब आम जनता बनेगी सरकार की आंख

**बेधड़क** | जयपुर




सरकार ने साइबर फ्रॉड रोकने के लिए सोमवार को 'चक्षु' पोर्टल लॉन्च किया, जिसमें आम लोग संभावित साइबर धोखाधड़ी वाले मैसेज या कॉल का विवरण अपलोड करेंगे और कानून तथा प्रवर्तन एजेंसियां उन पर फ्रॉड होने से पहले ही कार्रवाई कर सकेंगी।

संचार तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान की उपस्थिति में एक कार्यक्रम में 'चक्षु' पोर्टल और डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) लॉन्च किया। राजधानी के झालाना स्थित दूरसंचार विभाग के कार्यालय में इसका प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में एडीजी कम्पलाईन्स अजीत शर्मा, निदेशक कम्पलाईन्स राकेश कुमार मीणा सहित अन्य अधिकारी व मीडिया के प्रतिनिधि शामिल हुए। 'चक्षु' पोर्टल का लिंक sancharsaathi.gov.in पर है। इसमें हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत के अलावा 16 क्षेत्रीय भाषाओं में रिपोर्टिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यदि आपके पास केवाईसी समाप्ति या बैंक खाते, भुगतान वॉलेट, सिम, गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन काटने, पैसे भेजने, दूरसंचार विभाग द्वारा सभी मोबाइल नंबरों को बंद करने आदि के नाम पर या सेक्सटॉर्शन के लिए धोखाधड़ी के इरादे से कॉल, एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज आता है तो पोर्टल पर उसकी रिपोर्ट की जा सकती है। कॉल या मैसेज का स्क्रीनशॉट भी अटैच किया जा सकता है। शिकायत के लिए अन्य विवरणों के साथ ऐसे कॉल या मैसेज का स्क्रीनशॉट भी अटैच किया जा सकता है। संचार मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई पहले ही साइबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हो चुका है, तो उसे 'चक्षु' पोर्टल की बजाय भारत सरकार के साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करनी चाहिए।

### 30 हजार 408 नए आवासों को मिली मंजूरी

**जयपुर।** केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय की केंद्रीय स्वीकृत एवं निगरानी समिति की बैठक सोमवार को दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी के तहत नए आवासों को स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से राजस्थान में बीएलसी नवीन व अभिवृद्धि—ई घटक के अंतर्गत 30,408 नए आवासों को स्वीकृति दी गई है। दिल्ली में हुई बैठक की अध्यक्षता शहरी आवास एवम विकास मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने की।

---

**कार्मिक विभाग ने निकाले आदेश**

# फिर किया प्रशासनिक फेरबदल, 106 RAS अधिकारियों के तबादले

**बेधड़क** | जयपुर

भजनलाल सरकार ने सोमवार को एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। 106 राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादले किए हैं। बता दें कि 22 फरवरी को 396 RAS अधिकारियों के तबादले किए थे।

कार्मिक विभाग की ओर से जारी तबादले सूची के अनुसार महेंद्र कुमार खींची को संयुक्त शासन सचिव, गृह (अपील) विभाग जयपुर के पद पर लगाया है। छोगाराम देवासी को अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, उदयपुर, रजनी सी. सिंह को अतिरिक्त आयुक्त (I) (एम.आर.टी.ए.) परिवहन एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, परिवहन विभाग जयपुर, प्रिया बलराम शर्मा को अतिरिक्त आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण में लगाया है।

### इन अधिकारियों को नई जगह लगाया

- महेंद्र कुमार खींची : संयुक्त शासन सचिव गृह (अपील) विभाग, जयपुर
- रजनी सी. सिंह : अतिरिक्त आयुक्त (1) (एम.आर.टी.ए) परिवहन एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, परिवहन विभाग, जयपुर
- डॉ प्रिया बलराम शर्मा : अतिरिक्त आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण
- चंचल शर्मा : विशेषाधिकारी, यूआईडी प्रोजेक्ट, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर
- सुभाष चन्द शर्मा-1 : उपस्थापक अधिकारी, विभागीय जांच, जयपुर
- सुमन पंवार : उप महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक, जयपुर-वृत-2
- डॉ प्रभा व्यास : उपायुक्त, परिवहन विभाग, जयपुर (1)
- अशोक कुमार सांखला : मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मेला विकास प्राधिकरण, पर्यटन विभाग, जयपुर
- वार सिंह : शासन उप सचिव, देवस्थान विभाग, जयपुर
- महेन्द्र सिंह यादव : उपखंड अधिकारी, सांभरलेक (जयपुर ग्रामीण)
- गरिमा लाटा : प्रोटोकॉल अधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग, जयपुर
- शीलावती मीणा : सहायक निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर
- देवेंद्र सिंह परमार : उपायुक्त एवं विशेषाधिकारी, दिल्ली-मुंबई औद्योगि कोरिडोर प्रोजेक्ट, जयपुर
- संजय गोयल : उपखंड अधिकारी, जोबनेर (जयपुर ग्रामीण)
- मनोज कुमार वर्मा : उपायुक्त, नगर निगम, जयपुर ग्रेटर, जयपुर
- राजनी माधीवाल : उपायुक्त, नगर निगम, जयपुर ग्रेटर, जयपुर
- शिव चरण शर्मा : उपखंड अधिकारी, चाकसू (जयपुर ग्रामीण)
- विनित कुमार सुखाडिय़ा : उपखंड अधिकारी, जयपुर शहर (दक्षिण
- प्रियंका बडग़ुजर : सहायक कलक्टर, चौमूं (जयपुर ग्रामीण)
- सोहन सिंह नारूका : उपायुक्त, नगर निगम, जयपुर हैरिटेज
- अरुण कुमार शर्मा : सहायक कलक्टर (मुख्यालय), सांभर, जयपुर ग्रामीण
- वर्षा शर्मा : प्राधिकृत अधिकारी, जयपुर विकास प्राधिकरण
- राजेश जाखड़ : उपखंड अधिकारी, जयपुर-1
- अमिता मान : विशेषाधिकारी, राजस्थान पर्यटन विकास निगम, जयपुर
- अभिमन्यु सिंह कुन्तल : उपखंड अधिकारी, किशनगढ़-रेनवाल (जयपुर ग्रामीण)
- शरद तिवारी : सहायक कलक्टर, जमवारामगढ़ (जयपुर ग्रामीण)
- सुमन चौधरी : उपखंड अधिकारी, रामपुरा डाबडी (जयपुर ग्रामीण)

---

**पहली सूची के साथ ही भाजपा में नेताओं की नाराजगी जाहिर**

# टिकट कटा तो सोशल मीडिया पर शुरू हुआ नेताओं का बगावती राग

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली लिस्ट आने के साथ ही बगावती सुर उठने लगे हैं। राजस्थान के पांच सांसदों के टिकट कटने के बाद उनकी नाराजगी सामने आने लगी है। चूरू सांसद राहुल कस्वां ने टिकट कटने के बाद खुलकर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही जोधपुर से दो बार सांसद रहे जसवंत विश्नोई ने भी टिकट न मिलने पर बगावती सुर छेड़े हैं। दोनों नेताओं ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। जगह पैरा ओलिंपिक पदक विजेता देवेंद्र झाझड़िया को टिकट दिया गया है।

गौरतलब है कि भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ ने विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल कस्वां पर भितरघात के आरोप लगाए थे। राठौड़ ने इसकी शिकायत आलाकमान तक की थी। कस्वां का टिकट कटने का कारण इसी को माना जा रहा है। गौरतलब है कि पहली सूची में भाजपा ने 15 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। पांच सीटों पर मौजूदा सांसदों के टिकट काटे गए थे। बीजेपी ने चूरू से राहुल कस्वां के साथ बांसवाड़ा से कनकमल कटारा, भरतपुर से रंजीता कोली, जालोर-सिरोही से देवजी पटेल, उदयपुर से अर्जुन मीणा के टिकट काटे हैं।

### जसवंत विश्नोई ने ये लिखा

"कौन सुनेगा, किसको सुनाएं, इसलिए चुप रहते हैं। हमसे अपने रूठ न जाएं, इसलिए चुप रहते हैं। आज सुबह उन्होंने लिखा- मैंने फैसला किया है कि अब मैं एक पोस्ट चुनाव की घोषणा के बाद लिखूंगा, उसके बाद भविष्य में किसी प्रकार की पोस्ट नहीं लिखूंगा।" इससे पहले 2 मार्च को लिखा- "मेरा अनुभव कहता है कि जज्बातों को वहां प्रकट करो, जहां कद्र हो, यूं तो आंख से गिरा आंसू भी पानी लगता है।" दूसरी पोस्ट में लिखा- "ए मेरे मन सफर ही सही, इस भीड़ से, हर रिश्ता थोड़ी देर में, बदल जाता है। यूं तो शोर बहुत है,अपनेपन का, पर वक्त के आगे हर नकाब उतर जाता है।"





### कस्वां ने X पर यूं जताई नाराजगी

"आखिर मेरा गुनाह क्या था? क्या मैं ईमानदार नहीं था? क्या मैं मेहनती नहीं था? क्या मैं निष्ठावान नहीं था? क्या मैं दागदार था? क्या मैंने चूरू लोकसभा में काम करवाने में कोई कमी छोड़ दी थी? माननीय प्रधानमंत्री जी की सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में, मैं सबसे आगे था। और क्या चाहिए था? जब भी इस प्रश्न को मैंने पूछा,सभी निरुत्तर और निःशब्द रहे। कोई इसका उत्तर नहीं दे पा रहा। शायद मेरे अपने ही मुझे कुछ बता पाएं।" इससे पहले लिखा था- "राम-राम मेरे चूरू लोकसभा परिवार! लेकर विश्वास-पाकर आपका साथ, देकर हर संकट को मात, ध्येय मार्ग पर बढ़ते जाएंगे, उत्थानों के शिखर चढ़ते जाएंगे। आप सभी संयम रखें।

### दो-दो बार के सांसद हैं कस्वां और विश्नोई

राहुल कस्वां चूरू से दो बार के सांसद हैं। राहुल कस्वां चूरू जिले के जाने माने सियासी परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार बीजेपी के सांसद और एक बार विधायक रह चुके हैं। राम सिंह कस्वां ने कांग्रेस के दिग्गज नेता बलराम जाखड़ को चूरू से लोकसभा में हराया था। राम सिंह कस्वां की पत्नी और राहुल कस्वां की मां कमला कस्वां सादुलपुर से बीजेपी की विधायक रह चुकी हैं। 2014 में राहुल कस्वां को पहली बार बीजेपी का टिकट मिला और वे चूरू से जीते। वहीं, जसवंत विश्नोई दो बार जोधपुर से सासंद रह चुके हैं। विश्नोई 1999 से 2009 तक दो बार जोधुपर से सांसद रहे। इससे पहले वे 1993 से 1998 तक लूणी से विधायक और भैरोसिंह शेखावत सरकार में मंत्री रहे। साल 2014 में वे केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड के अध्यक्ष रहे। वसुंधरा सरकार में विश्नोई खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं।

## जरूरी खबर

### IRS के लिए नेशनल सिक्योरिटी प्रशिक्षण शुरू



**जयपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के तहत केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) की ओर से इंडियन रेवेन्यू सर्विस (इन्कम टैक्स) के 77वें बैच के 91 अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय नेशनल सिक्योरिटी मॉड्यूल प्रशिक्षण सोमवार को शुरू हुआ। सीडीटीआई के निदेशक एवं डीआईजी डॉ अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि मुख्य अतिथि पूर्व महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल एमएल कुमावत एवं विशिष्ट अतिथि प्रिसिंपल डायरेक्टर ऑफ इनकम टैक्स (अ.) सुधांशु शेखर झा रहे। पूर्व संयुक्त निदेशक आईबी बीपीआरडी नीरज सिन्हा एवं रि. मेजर जनरल अनुज कुमार माथुर ने राष्ट्रीय सुरक्षा की वित्तीय बारीकियों का संक्षिप्त विश्लेषण प्रस्तुत किया।

### 43 दिन के बच्चे पर सोते समय धारदार हथियार से वार

**जयपुर।** रामगंज इलाके में 43 दिन के बच्चे पर सोते वक्त किसी ने धारदार हथियार से गले पर वार कर हत्या का प्रयास किया। बच्चे की चीख सुनकर मां कमरे में पहुंची तो गर्दन से खून निकल रहा था। बच्चा अभी जेकेलोन के आईसीयू में भर्ती है। डीसीपी नॉर्थ राशि डोगरा सहित पुलिस के अधिकारी क्राइम सीन पर पहुंचे। पुलिस ने बच्चे के चाचा की ओर से दी गई शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने सबसे पहले मौका देखा। उस के बाद पीड़ित परिवार से रिपोर्ट लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। परिवार में करीब 30 से 40 लोग रहते हैं। उस दौरान भी बड़ी संख्या में घर में लोग मौजूद थे। ऐसे में बाहर के व्यक्ति के आने को लेकर जांच की जा रही है।

---

**जेईएन भर्ती 20-21 में फर्जीवाड़े के विरोध में बेरोजगारों ने खोला मोर्चा**

# नए सिरे से जारी करें भर्ती की विज्ञप्ति, CBI करे जांच

**बेधड़क | जयपुर**

'जेईएन भर्ती 2020-21 डिप्लोमा/डिग्री रद्द करते हुए भर्ती के लिए नए सिरे से विज्ञप्ति लोकसभा चुनावों की आचार संहिता से पहले जारी करने और सीबीआई जांच के साथ ही पंचायती राज में लंबित भर्तियों को इस भर्ती में शामिल करते हुए विज्ञप्ति जारी की जाए।' यह मांग उठाते हुए युवा बेरोजगारों ने राजस्थान युवाशक्ति एकीकृत महासंघ के नेतृत्व में जेईएन भर्ती 2020-21 डिप्लोमा/डिग्री में फर्जीवाड़े के विरोध में सोमवार को सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। युवाशक्ति एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष मनोज मीणा ने बताया कि कनिष्ठ अभियता (2020 जेईएन भर्ती) में मुख्य सरगना जगदीश विश्नोई, हर्षवर्धन मीना, राजेंद्र यादव SOG की गिरफ्त में है। इन लोगों ने दर्जनों भर्तियों के पेपर लीक किए हैं, जिससे 2020 जेईएन भर्ती पूरी तरीके से फर्जी थी। ऐसे में संगठन ने प्रदेश की भजनलाल नेतृत्व राजस्थान सरकार से सीबीआई जांच की मांग की है।




#### युवा बेरोजगारों की ये हैं प्रमुख मांगें

- कनिष्ठ अभियंता भर्ती 2020 (डिप्लोमा) व सिविल डिग्री री एग्जाम 2021 की पूर्ण रूप से सीबीआई जांच के आदेश दिए जाएं और जो भी छात्र इसमें फर्जी तरीके से कनिष्ठ अभियंता बनकर बैठे हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई कर उनकी समस्त संपत्ति कुर्क की जाए। साथ ही उनको सरकारी नौकरी से बर्खास्त किया जाए।
- मास्टरमाइंड जगदीश बिश्नोई की सूचना के आधार पर SI भर्ती में 670 में से 20 अभ्यर्थी आरपीए में ट्रेनिंग कर रहे हैं, जो एसओजी की रडार पर हैं। उन सबकी जांच होनी चाहिए और उनके संलिप्ता मिलते ही उन्हें सरकारी सेवाओं से बर्खास्त किया जाना चाहिए।
- हाल ही में हुई ईओ/आरओ की भर्ती को सरकार तुरंत रद्द करे।
- लाइब्रेरियन भर्ती, सेकंड ग्रेड भर्ती सहित जिन भर्तियों में बड़े लेवल पर फर्जीवाड़ा हुआ है उन सब की सीबीआई जांच के आदेश सरकार को देने चाहिए। जिससे जिन आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है वो सामने आ सके।
- हाल ही में एसओजी द्वारा ने गिरफ्तार किए पेपर लीक के सरगनाओं जगदीश बिश्नोई, हर्षवर्धन मीना, राजेंद्र यादव द्वारा जितने भी लोगों को सरकारी सेवा में लगाया गया है उनको बर्खास्त किया जाए। इन पेपर माफियाओं की सारी संपत्ति जप्त की जाए।
- 70हजार भर्तियों का विभाग वाइज वर्गीकरण हो और नई विज्ञप्ति जल्द सरकार जारी करें।
- सीईटी पात्रता परीक्षा में 40% का नियम लागू किया जाए और इसको सभी प्रक्रियाधीन भर्तियों में सरकार तुरंत प्रभाव से लागू करें।

---

**हादसा: मृतकों में दो सगे भाई, तीन महीने पहले ही आए थे जयपुर**

# बेसमेंट की खुदाई में मिट्टी ढही दबने से तीन मजदूरों की मौत

**बेधड़क | जयपुर**

अक्षयपात्र फाउंडेशन के पास बन रहे एक मॉल के बेसमेंट की खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई थे। दोनों दो महीने पहले ही झारखंड से जयपुर मजदूरी के लिए आए थे, वहीं तीसरा मृतक मजदूर बिहार से था। घटना की सूचना पर सिविल डिफेंस और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाकर मजदूरों को बाहर निकाला गया। सभी को जयपुरिया हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। घटना सोमवार दोपहर करीब 3 बजे जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र में अक्षयपात्रा फाउंडेशन के पास की है। रामनगरिया थाना सीआई अरुण कुमार ने बताया कि अक्षयपात्र फाउंडेशन के पास बन रहे एक मॉल के बेसमेंट की खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान मिट्टी गिरने से तीन मजदूर बिहार के कटिहार निवासी इरशाद (22), झारखंड के लतेहार निवासी प्रेमचंद (23) और रामजनम (31) दब गए। वहां काम कर रहे मजदूरों ने पुलिस को सूचना देकर तुरंत तीनों को निकालने में जुट गए।



#### कच्चा ही था मजदूरों के रहने का स्थान

जानकारी के अनुसार जगतपुरा क्षेत्र में एक मॉल बन रहा है। इसमें बेसमैंट बनाने का काम चलरहा है, जिसके लिए खुदाई की जा रही थी। बेसमैंट का एक सिरा, जिसमें मजदूर रहते हैं, उसको पक्का नहीं कराया गया था। वहीं पर खुदाई का काम चल रहा था। खुदाई के दौरान कच्चा होने की वजह से मिट्‌टी ढह गई और वहां पर काम कर रहे तीन मजदूर उसमें दब गए।



#### परिजनों के आने पर होगा पोस्टमार्टम

सूचना मिलने पर सिविल डिफेंस और पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जेसीबी की मदद से तीनों को बाहर निकाला गया। एम्बुलेंस से तीनों मजदूरों को जयपुरिया हॉस्पिटल भिजवाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों को को मृत घोषित कर दिया गया। शवों को जयपुरिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। मृतकों के परिवार को सूचना दे दी गई है। उनके आने पर पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

#### झारखंड से आए थे मजदूरी करने

पुलिस ने बताया कि बेसमेंट की खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से मरने वाले प्रेमचंद और रामजनक दानों सगे भाई थे। दोनों मजदूरी कर अपना पेट पालने के लिए झारखंड से जयपुर आए थे। घटना कैसे हुई, इसको लेकर पुलिस द्वारा जांच की जा रही हैं। हालांकि, अभी किसी ने लापरवाही की कोई शिकायत नहीं दी है।

---

**दो कांस्टेबलों ने दिखाई बहादुरी**

## स्पेशल टीम ने पकड़ा 5 महीने से फरार चल रहे इनामी बदमाश को

**बेधड़क | जयपुर**



जयपुर वेस्ट की स्पेशल टीम ने लाखों रुपए के फ्रॉड के मामले में पांच माह से फरार चल रहे इनामी बदमाश मुकेश कुमार निवासी सीकर रोड हरमाड़ा को धर दबोचा। बदमाश ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम के दो कांस्टेबलों नें बहादुरी दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। बनीपार्क थाना पुलिस आरोपी को अरेस्ट कर पूछताछ कर रही है।

डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार की स्पेशल टीम में कॉन्स्टेबल कोमल सिंह और रामेश्वर को सूचना मिली कि बनीपार्क थाने में पिछले 5 महीने पहले दर्ज लाखों रुपए के फ्रॉड के मामले में वांटेड एक हजार का इनामी बदमाश मुकेश कुमार हरमाड़ा इलाके में घूमता दिखाई दिया है। टोडी मोड़ पर मुकेश को दोनों कॉन्स्टेबल ने पकड़ लिया।

आरोपी ने धक्का देकर भागने का प्रयास किया, लेकिन दोनों ने उसे पकड़ लिया। कॉन्स्टेबल कोमल सिंह और रामेश्वर ने इनामी बदमाश मुकेश कुमार को छुड़ाकर भागने नहीं दिया। गौरतलब है कि बनीपार्क थाने में चिडावा झुंझुनू निवासी भूपेन्द्र कुमार ने 31 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि मुकेश कुमार के परिचित होने के कारण वह जानते हैं। 7 अक्टूबर की शाम करीब 5:30 बजे मुकेश ने खाने-पीने का सामान लेकर आने की कहकर उससे स्कॉर्पियो गाड़ी की चाबी मांगी। काफी समय तक वापस नहीं लौटने पर काफी कॉल करने के बाद आरोपी मुकेश ने मोबाइल स्वीच ऑफ कर दिया। 2-3 दिन इंतजार के दौरान मुकेश न एक इकरारनामे की फोटो भेजी, जिसमें स्कॉर्पियो गाड़ी का सौदा 14.51 लाख में कर मुकेश के नाम बेचान करना मिला। इकरारनामे में उसके फेक डॉक्यूमेंट और साइन किए गए थे।

एडवोकेट राजेन्द्र यादव के नाम की सील और साइन किया था। एडवोकेट के बारे में पता करने पर उनका देहांत काफी समय पहले होने का पता चला। धोखे का पता चलने पर बनीपार्क थाने में आरोपी के खिलाफ FIR दर्ज करवाई।

---


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com पर E- Mail करें।


---

**सैनेटाइजर से हाथ साफ कर बीड़ी जलाने से हुआ हादसा**

## फैक्ट्री में आग, 5 लोग 40% झुलसे

- फैक्ट्री में पुराना स्क्रैप रखा हुआ था, जो अवैध तरीके से चल रही थी

**बेधड़क | जयपुर**

हरमाड़ा थाना इलाके में सोमवार दोपहर एक फैक्ट्री में आग लगने से पांच मजदूर 40% तक झुलस गए। जांच में सामने आया कि आग उस समय लगी जब एक मजदूर ने हाथ सैनेटाइजर से साफ करने के बाद बीड़ी जलाई। स्थानीय लोगों ने बताया- फैक्ट्री में पुराना स्क्रैप रखा हुआ था। जो अवैध तरीके से चल रही थी। इसकी शिकायत कई बार हरमाड़ा थाना पुलिस की गई, लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया।

सोमवार सुबह करीब 10:45 बजे यहां काम करने वाले एक मजदूर ने सैनेटाइजर से हाथ धोए। बीड़ी जलाई। इससे सैनेटाइजर ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग अन्य मजदूरों तक भी फैल गई। बचने के लिए ये मजदूर फैक्ट्री के अंदर चले गए। आग ने विकराल रूप ले लिया। लोगों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सिविल डिफेंस की टीम को मौके पर बुलाया गया।

करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पांच मजदूरों को आग की चपेट से बाहर निकला, जिन्हें सीआई हरमाड़ा अपनी गाड़ी से कांवटिया अस्पताल लेकर गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मजदूरों को एसएमएस रैफर कर दिया।

---

**मानसरोवर, प्रतापनगर, सांगानेर में होगा मेंटिनेस कार्य**

## 30 कॉलोनियों में आज 4 घंटे बिजली CUT

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर की 30 से अधिक कॉलोनियों में मंगलवार को बिजली बंद रहेगी। बिजली कंपनी इन इलाकों में मेंटेनेंस करेगी। इस कारण शहर के प्रतापनगर, मानसरोवर, सांगानेर समेत कई कॉलोनियां प्रभावित होंगी।

मेंटेनेंस सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक दो अलग शिफ्ट में होगा। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रामगंज चौपड़, रामगंज ऑफिस, रामा हॉस्पिटल, चार दरवाजा सर्किल, नाहरवाडा, पतंगवाला का मोहल्ला, कुम्हारों की नदी, मोती कटला, डिस्पेंसरी और आस पास, वर्धमान नगर ए, बी, डॉ राजेन्द्र प्रसाद नगर, राठी नगर, द्रोणपुरी, भैरव नगर, लालारपुरा के आसपास का क्षेत्र प्रभावित रहेगा। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक प्रताप नगर क्षेत्र में सेक्टर 3, नारायण विहार, कृषि अनुसंधान केंद्र, सम्पूर्ण सेक्टर 19 और आसपास के इलाके।



मानसरोवर क्षेत्र में सेक्टर 113 से 115, सेक्टर 117 से 119, सेक्टर 124 से 125, द्वारिकादास पार्क, राजस्थान आवासन मंडल, आकाश दीप कॉलेज, लिबर्टी हॉस्पिटल, थडी मार्केट और आसपास, सांगानेर क्षेत्र में सांगा मोटर्स, एस डी एम् कोर्ट, रामसिंघपुरा वास, शिकारपुरा रोड, महिला सदन और आसपास के क्षेत्र में लाइट नहीं आएगी।

---

**जयपुर एयरपोर्ट पर पकड़ा विदेशियों से ठगी का मास्टरमाइंड**

# कम ब्याज का लालच दे फांसते और पास कराने के नाम पर ठग लेते रकम

- विदेश भागने की फिराक में था गिरफ्तार आरोपी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार सुबह 8 बजे जयपुर एयरपोर्ट से विदेश भाग रहे एक ऐसे शातिर ठग को गिरफ्तार किया है जो कॉल सेंटर के जरिए विदेशियों को कम ब्याज पर लोन देने का लालच देता और फिर पास कराने के नाम पर रकम ठग लेते। गिरफ्तार आरोपी रफीक खान शारजाह (यूएई) निकलने का प्रयास कर रहा था, लेकिन इससे पहले ही पकड़ा गया। अब आरोपी को ईडी कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार करीब एक माह पहले विदेश मंत्रालय से मिली जानकारी के बाद ईडी ने राजस्थान में अलग-अलग जगहों से ऑपरेट हो रहे कॉल सेंटर के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी।

इन सेंटर पर विदेशी लोगों के साथ ठगी की शिकायत दर्ज की गई थी। इसके बाद ईडी ने पुलिस की मदद से रेड की थी। इस दौरान कई लोगों को फर्जी कॉल सेंटर चलाने के मामले में गिरफ्तार किया था। जयपुर में श्याम नगर, सोडाला और मुहाना में ये फर्जी कॉल सेंटर चल रहे थे। इन कॉल सेंटर को संचालित करने वाले मुख्य आरोपी रफीक खान की पुलिस को काफी समय से तलाश थी। साथ ही ईडी के भी रडार पर था।



फाइल फोटो

#### सेंटरों पर अलग-अलग कार्रवाई

दरअसल, विदेश मंत्रालय ने पुलिस, ईडी और इंटेलिजेंस को यह जानकारी साझा की थी। इस पर लगभग सभी टीमें इन कॉल सेंटरों तक पहुंचीं। इनके खिलाफ अलग-अलग कार्रवाई की गई। रफीक खान ने पुलिस से बचने के लिए लोकल युवती और युवकों को इस कॉल सेंटर में नौकरी पर लगा रखा था, जिनका काम केवल विदेशियों को कम ब्याज पर पैसा लेने के लिए तैयार करना था। जैसे ही विदेशी तैयार होता कॉल सेंटर में काम करने वाले लोग उनके ऊपर बैठे लोगो को जानकारी देते। इसके बाद ये लोग उनसे ठगी किया करते थे।

#### 1945 रुपए में देते थे 100 प्रकार की सेवाएं

आरोपी ग्लोबल सॉल्यूशन के जरिए 1945 रुपए में 100 प्रकार की सेवाएं देने का दावा करते थे। इसमें ऑनलाइन आधार कार्ड बनाना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाना, ई-मित्र की सभी प्रकार की सेवाएं, क्रेडिट-डेबिट कार्ड को बंद और शुरू करना, बिजली, पानी, मोबाइल, डीटीएच रिचार्ज करने का दावा किया करते थे। हर व्यक्ति इतनी कम कीमत में सभी सेवाएं मिलने पर लोग इनके चंगुल में फंस जाते थे।

#### विदेश में बैठे लोगों को बनाते थे निशाना

ईडी से मिली जानकारी के अनुसार ये लोग कॉल सेंटर खोलकर उसमें अच्छी अंग्रेजी बोलने वाले युवक और युवतियों को भर्ती करते थे। उनसे विदेश में कॉल करवाते और अपना कम ब्याज का प्लान उन लोगों को बताया करते थे। जो लोग इनके झांसे में फंसते। उनसे लोन पास करने के बदले रुपए ठग लिया करते थे। ये कई विदेशी लोगों के साथ ठगी कर चुके हैं। ठगी की एफआईआर नहीं होने पर इनका खेल चलता रहता।

## जरूरी खबर

### कृषक भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सीकर।** कृषि विभाग में संचालित आत्मा योजनान्तर्गत अन्तरा राज्य कृषक भ्रमण के लिये 50 कृषकों का दल कृषि विभाग, सांवली रोड, सीकर से उप निदेशक प्रिया झाझड़िया ने व अन्य अधिकारियों ने हरी झण्डी दिखाकर कृषक भ्रमण दल को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि 4 से 8 मार्च तक पॉंच दिवसीय भ्रमण में कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र व ए.टी.सी. अजमेर, कृषि विज्ञान केन्द्र चित्तोडगढ, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि जाएंगें।

### जोधपुर डिस्कॉम वसूलेगा 80 करोड़ के बिजली बकाया

**जोधपुर।** जोधपुर डिस्कॉम की ओर से सिटी सर्किल में करीब 80 करोड़ की बकाया वसूली के लिए अब डिस्कॉम ने सख्त कार्यवाही करना भी शुरू कर दिया है। जोधपुर डिस्कॉम की वित्त निदेशक कीर्ति कच्छवाहा की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसे लेकर निर्देश दिए गए। मुख्य अभियंता,अधीक्षण अभियंता सहित अन्य अधिकारियों को राजस्व वसूली में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने को लेकर निर्देश दिए गए। इस वसूली में करीब 80 करोड़ रुपए बकाया है, जिसमें सरकारी बकाया राशि कुल 45 करोड़ रुपए है। इस साल की बात की जाए तो सरकारी बकाया करीब 19.50 करोड़ रुपए है।

### जंगल में लगी आग, बुझाने में जुटा वन अमला



**अलवर।** जिले के थानागाजी के मालू ताना के जंगल में अज्ञात कारणों से सोमवार को आग लग गई। आग लगने की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। सूचना पर घटा वन रेंज के फॉरेस्टर रामावतार मीणा सहित विराटनगर के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। पहाड़ी क्षेत्र में लगी आग लगातार फैलने के कारण इस पर काबू पाने में अधिकारियों को काफी परेशानी का सामने करना पड़ रहा है। अगर ये आग सरिस्का के जंगलों में पहुंचती है तो जंगली जानवरों को नुकसान हो सकता है. वन विभाग आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

---

**एनिमल केयर ऑर्गेनाइजेशन (टाको) की ओर से मिले 1 करोड़ के अनुदान से खरीद किए वाहन**

# वनों की निगरानी को मिलेगा संबल, 7 वाहन किए तैनात

**बेधड़क** | सवाईमाधोपुर

राजस्थान के रणथंभौर नेशनल पार्क में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। इसी दिशा में एक कदम और बढ़ाया गया है। प्राणियों के संरक्षण में मदद के लिए पार्क में सात पैट्रोलिंग वाहनों की तैनाती की गई है। साथ ही छह वन अधिकारियों को सम्मानित किया गया है।



वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टाको) की प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने आईएफएस के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) और राजस्थान सरकार के चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन (सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू) पवन कुमार उपाध्याय, व अन्य फॉरेस्ट अधिकारियों के साथ मौजूद रही। रणथंभौर नेशनल पार्क ने टाको द्वारा पहले दिए गए 1 करोड़ रुपये के अनुदान का उपयोग इन सात वाहनों की खरीदारी में किया है। वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए रणथंभौर नेशनल पार्क के छह वन अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा कि हम रणथंभौर नेशनल पार्क में महत्वपूर्ण संरक्षण प्रयासों में योगदान देकर खुश हैं। यह सात अति आधुनिक पेट्रोलिंग वाहन पार्क के अवैध शिकार रोधी उपायों और प्रतिक्रिया विधि को सुदृढ़ करने के हमारे दृढ़ समर्पण को दर्शाते हैं, जिसके माध्यम से इकोलॉजिकल संतुलन को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### वनों की निगरानी और शिकाररोधी उपायों में मिलेगा फायदा

प्रधान मुख्य वन संरक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने कहा कि इन अत्याधुनिक पेट्रोलिंग वाहनों की तैनाती से हमारी निगरानी और अवैध शिकाररोधी उपायों में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। इन सात पैट्रोलिंग वाहनों की तैनाती, रणथंभौर नेशनल पार्क में संरक्षण गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह पार्क के वन्यजीव आबादी, जिसमें 88 बाघ भी शामिल हैं, की निगरानी व सुरक्षा में आवश्यक सहायता करेगा। बाघों के अलावा, रणथंभौर नेशनल पार्क वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध विविधता से भरा हुआ है, जिसमें तेंदुओं से लेकर धारीदार लकड़बग्घों और स्लॉथ भालुओं तक कई जानवर शामिल हैं।

---

**पड़ोसियों ने मालिक को फोन कर दी घटना की सूचना**

# बेटा गया था पिता के अंतिम संस्कार में, पीछे से घर में चोरी

**बेधड़क** | सीकर

शहर के कोतवाली थाना इलाके के रामपुरा रोड जगदंबा कॉलोनी में सूने मकान के ताले तोड़ कर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात व कैश चोरी करने का मामला सामने आया आया है। मकान मालिक अपने परिवार के साथ अपने पिता के अंतिम संस्कार में गया हुआ था।

इस दौरान पीछे से चोरों ने सूने मकान में धावा बोल दिया और चोरी कर भाग गए। पुलिस को दी रिपोर्ट में मोहित सोनी (28) निवासी रामपुरा रोड, जगदंबा कॉलोनी सीकर ने बताया कि मोहित सोनी अपने पूरे परिवार के साथ रविवार को अपने दादाजी के अंतिम संस्कार में पुश्तैनी गांव बगड़ (झुंझुनूं) गया हुआ था। इस दौरान रविवार देर रात को पीछे से चोरों ने सूने मकान में धावा बोल दिया।

चोर मकान के ताले तोड़ कर अंदर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मकान के अंदर बने कमरों के ताले तोड़ कर अलमारी में रखें 18 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात व 60 हजार का कैश चोरी कर भाग गए।



#### पुलिस सीसीटीवी व लोगों से पूछताछ में जुटा रही है जानकारी

मकान के अंदर कमरों में पूरा सामान बिखरा हुआ था और अंदर वाले गेटों पर भी टूटे हुए ताले लटक रहे थे। जिसके बाद मकान मालिक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मकान में चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मौका-मुआयना किया। फिलहाल कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मोहल्ले में लगे सीसीटीवी फुटेज व लोगों से पूछ-ताछ के आधार पर चोरों की तलाश करने में जुटी हुई है।

सोमवार सुबह पड़ोसियों ने मकान मालिक को फोन कर सूचना दी और घटना के बारे में बताया। जिसके बाद परिवार के लोग अपने मकान में पहुंचे। परिवार के लोगों ने घर आकर देखा तो मकान के बाहर के ताले टूटे हुए थे और मकान में चोरी हो चुकी थी।

### इधर, परिवार गया था शादी में, जेवरात और 80 हजार नकदी चोरी

**अजमेर।** शहर के बजरंग कॉलोनी वार्ड नंबर एक में घर के ताले तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और 80 हजार रुपए नगदी सहित डाक्यूमेंट्स लेकर फरार हो गए। परिवार शादी में गया हुआ था। वापस लौटे तो ताले टूटे मिले। गांधीनगर थाने में चोरी का मामला दर्ज किया गया है। गांधीनगर थाना पुलिस के अनुसार बजरंग कॉलोनी वार्ड नंबर एक निवासी गणपत लाल पुत्र रामचंद्र ने रिपोर्ट में बताया कि एक मार्च को वह अपने परिवार के साथ हरमाड़ा शादी में गए थे। 3 मार्च को वापस लौटे तो घर के ताले टूटे मिले। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। 80 हजार रुपए नगदी और सोने-चांदी के जेवरात, घर व प्लॉट के कागज सहित अन्य दस्तावेज कर लेकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़ित मकान मालिक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### एटीएम तोड़ कर साढ़े 5 लाख की लूट

**अजमेर।** जिल के जवाजा पंचायत समिति के सामने स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम को बदमाशों ने रात में गैस कटर से काटकर 5 लाख 62 हजार रुपए चुरा लिए। आरोपियों ने वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड के हाथ पैर बांधकर वारदात अंजाम दी। ग्रामीणों ने सुबह गार्ड को खोला और पुलिस को सूचना की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। एटीएम के गार्ड नोरत सिंह ने पुलिस को बताया कि चार-पांच लुटेरे आए, जिन्होंने उसके हाथ पैर बांधकर पटक दिया और एटीएम से नगदी ले गए। आसपास के ग्रामीणों ने गार्ड के हाथ पैर खोलने के बाद थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जवाजा थानाधिकारी हरीराम ने बताया कि एटीएम से बदमाशों ने रात को गैस कटर से काटकर 5 लाख 62 हजार रुपए चुरा लिए। एटीएम के गार्ड नोरत सिंह ने पुलिस को बताया। सूचना के बाद हरकत में आए पुलिस प्रशासन ने घटना स्थल पहुंचकर जानकारी ली।



---

**मेजर पति पर कार्रवाई की मांग**

## बेवफाई ने ली मेजर बेटी की जान, पिता ने लगाई न्याय की गुहार



**बेधड़क** | झुंझुनूं

जिले के पिलानी थाना इलाके के गांव सुजडोला की मेजर डॉ. कविता मील की मौत मामले में नया मोड़ आया है। उनकी मौत के 5 महीने बाद पिता आर्मी मेडिकल लाइन से रिटायर्ड कमल सिंह मील ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। उसके पति मेजर डॉ. दीपक तेतरवाल को सेना की सेवा से बर्खास्त करने और आरोपी परिवार को सख्त सजा देने की मांग की है। आरोपी पति अभी गिरफ्तार है और ट्रायल चल रहा है।

सास तीजू देवी सास तीजू देवी को कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई। फिलहाल जम्मू कश्मीर की अधीनस्थ कोर्ट में मामले का ट्रायल चल रहा है। अब पिता चाहते हैं कि इसके लिए उन्होंने राष्ट्रपति-सेनाध्यक्ष से गुहार लगाई है। कमल सिंह मील ने बताया कि बेटी मेजर डॉ. कविता ने वर्ष 2017 में आर्मी जॉइन की थी। कविता की शादी 22 अप्रैल 2023 को सुजानगढ़ (चूरू) के कोलासर निवासी हाल सेना अस्पताल बीकानेर में सेवारत मेजर डॉ. दीपक तेतरवाल हुई थी। शादी के बाद पति दीपक की बेवफाई कविता के सामने आई। उसने सुसाइड नोट में इसका जिक्र भी किया था। दो लड़कियों का नाम लेकर उसने लिखा कि पति के कारण वह सुसाइड करने को मजबूर हुई है। उसने दीपक के मोबाइल में लड़की के साथ अश्लील फोटो और चैट पकड़ी। इस लड़की को शादी से पहले दीपक ने सिर्फ दोस्त बताया था। कविता को उदयपुर-बीकानेर बस बुकिंग के टिकट, होटल बुकिंग के सबूत भी मिले। कविता ने 1 सितंबर को पति से सवाल-जवाब किया तो उसके साथ मारपीट की। इस घटना के 30 दिन बाद उसने सुसाइड कर लिया।

---

**स्पीकर वासुदेव देवनानी ने किए करणी माता के दर्शन**

## प्रदेश की खुशहाली की कामना

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार को एक दिवसीय बीकानेर यात्रा पर रहे। देवनानी ने बीकानेर में देशनोक में स्थित करणी माता मन्दिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मन्दिर प्रशासन ने देवनानी को करणी माता मन्दिर का चित्र भेंट किया। वहीं विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बीकानेर सर्किट हाऊस में रामोत्सव धर्म यात्रा पोस्टर का विमोचन भी किया। देवनानी ने यात्रा में जा रहे 35 लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को इस यात्रा से जुडे हुए संतोष पुरोहित, चन्द्रशेखर मोयल, गणेश श्रीमाली, जसराज और वेद व्यास ने बताया कि इस यात्रा में एक सुसज्जित रथ के साथ 15 मोटर साईकिल पर 35 यात्री जायेंगे। यह 1500 कि.मी. की यात्रा कपिल मुनि आश्रम से आरम्भ होकर मथुरा, अयोध्या होते हुए काशी में पूर्ण होगी।



---

**उदयपुर के कुराबड़ सीएचसी का मामला**

## सीएमएचओ और डॉक्टर आपस में भिड़े

**बेधड़क** | उदयपुर

जिले में एक सीएमएचओ और डॉक्टर के बीच ड्यूटी के दौरान विवाद होने का वीडियो सामने आया है। इसमें दोनों आपस में अभद्र भाषा बोल रहे हैं। दरअसल जिले के कुराबड़ सीएचसी पर सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे का है। एक वीडियो डॉ. मुकेश अटल ने खुद बनाया है। वीडियो में वो एक पेशेंट से कहते नजर आ रहे हैं- आपको लेपर्ड ने काटा था, मैं आपको देख रहा था। इतने में सीएमएचओ आए और मुझे कुर्सी से उठाकर भगा दिया। इसके बाद वे डॉक्टर के चेंबर में बैठे सीएमएचओ बामणिया की ओर इशारा करते हुए कहते हैं इनके लिए प्रायोरिटी केवल मुझे परेशान करना है। ओपीडी देखना नहीं है, लेकिन सीएमएचओ खुद कुर्सी पर बैठे हैं तो मरीज कैसे देखूं। मामले में डॉक्टर मुकेश अटल ने बताया कि सीएमएचओ मुझे काफी समय से परेशान कर रहे हैं। उन्होंने मेरी पत्नी बीसीएमओ निधि यादव का ट्रांसफर गिर्वा से जोधपुर करा दिया था। इसके बाद उनकी जगह एसीबी में ट्रैप हो चुके डॉ. पृथ्वीराज जीनगर को गिर्वा लगवा दिया था। इधर, डॉ. अटल की पत्नी डॉ. निधि ने बताया कि सीएमएचओ ने मेरी और मेरे पति की 9 माह से सैलरी रोकी हुई है। घटना के बाद सीएमएचओ ने भी एक वीडियो जारी करते हुए कहा- मैं जब निरीक्षण करने सीएचसी पहुंचा तो डॉ. अटल ने मुझे कुर्सी नहीं दी। मैंने उन्हें कहा आप मरीज देखो, मैं यहां बैठा हूं। इतने में वह भड़क गए और वीडियो बनाने लगे। डॉक्टर पर कार्रवाई होगी।





---

**जोधपुर की प्राइवेट सोसाइटी का मामला**

# नहीं मिला पानी, हाई कोर्ट की फटकार, सजा सुनने के लिए तैयार रहो...

**बेधड़क** | जोधपुर

शहर की प्राइवेट सोसायटी को 20 साल से पानी नहीं मिल रहा है। ऐसे में थक-हारकर लोगों ने हाईकोर्ट की शरण ली। अब हाईकोर्ट ने जेडीए अधिकारियों और सोसायटी के मैनेजर को फटकार लगाई है। साथ में सजा भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा है। मामले के अनुसार 2003 में जोधपुर के भखरासनी स्थित सुशांत सोसायटी बनी थी। यहां के लोगों ने कई बार जेडीए (जोधपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी) से लेकर पीएचईडी के अधिकारियों के चक्कर काटे और जब सुनवाई नहीं हुई तो 2021 में हाईकोर्ट में पानी को लेकर याचिका लगाई। सुशांत सिटी रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी तेज प्रकाश पाठक ने बताया कि अभी यहां करीब 300 परिवार रह रहे हैं।



पानी की पाइप लाइन को लेकर जेडीए, पीएचईडी और बिल्डर अंसल प्रॉपर्टी के बीच 2008 में एमओयू हुआ था। एमओयू के अनुसार जेडीए ने डिमांड नोट जारी किया और 3 करोड़ रुपए डेवलपर की ओर से जेडीए में जमा करवा दिए गए।

रुपए जमा होने के बाद भी जेडीए ने 13 साल तक पानी की कोई व्यवस्था नहीं की। कई बार हम जेडीए के अधिकारियों के पास गए और इसके बारे में बताया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। आखिर 2021 में जनहित याचिका दायर की गई और 23 दिसंबर 2023 की सुनवाई में हाईकोर्ट ने जेडीए के अधिकारियों को सख्त आदेश देते हुए इसके निस्तारण के लिए कहा।

### हाई कोर्ट के आदेश के बाद मीटिंग, यहां मुकर गए अधिकारी

सेक्रेटरी पाठक ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद जनवरी में जेडीए, पीएचईडी और सुशांत सिटी रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के बीच मीटिंग हुई लेकिन इस मीटिंग में जेडीए के अधिकारी पाइप लाइन को लेकर मुकर गए। एडवोकेट दीनदयाल चितलांगी ने बताया कि मामले में सोमवार को सुनवाई थी। सुनवाई में इस मामले में कोई प्रोग्रेस नहीं दिखी तो हाईकोर्ट ने अधिकारियों को फटकार लगाई। इस दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि बार-बार हाईकोर्ट के आदेशों की अवेहलना की जा रही है। साथ ही टिप्पणी की कि स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख सचिव, पीएचईडी विभाग के सचिव व जेडीए सचिव समेत पीएचईडी और इंजीनियरिंग विभाग के एसई के साथ अंसल प्रॉपर्टी के जनरल मैनेजर को आगामी पेशी 3 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। साथ में कहा कि आगामी पेशी पर आप तो सजा सुनने के लिए हाजिर रहे।

### जलदाय विभाग का शटडाउन पड़ रहा है भारी, कल होगी घरों में पानी की सप्लाई

शहर में सोमवार को पानी की सप्लाई बाधित रही। दरअसल गर्मियों के समय होने वाली इंदिरा गांधी नहर बंदी को लेकर सोमवार को शहर के फिल्टर हाउस से पानी की सप्लाई नहीं की गई। इसके चलते इन सप्लाई वाले इलाकों में मंगलवार को पानी की सप्लाई की जाएगी। बता दें कि गर्मियों के समय में इंदिरा गांधी नहर में 21 मार्च से 60 दिवसीय क्लोजर लिया जाना प्रस्तावित है। इसके चलते विभाग अब माह में दो बार शट डाउन ले रहा है। इसके चलते सोमवार को शहर के फिल्टर हाउस से सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति बन्द रही। मंगलवार को होने वाली सप्लाई 6 मार्च को की जाएगी। इसके अलावा झालामण्ड एवं तख्त सागर फिल्टर हाउस से जुड़े क्षेत्रों में 5 मार्च को की जाने वाली सप्लाई 6 मार्च को एवं 6 मार्च को की जाने वाली सप्लाई 7 मार्च को होगी। बता दें कि विभाग की ओर से गर्मियों में पेयजल किल्लत की समस्या से बचने के लिए माह में दो से तीन बार शट डाउन लिया जा रहा है। जोधपुर में गर्मियों के समय पेयजल की किल्लत रहती है। इसको लेकर अभी से ही विभाग की और से तैयारियां की जा रही है।

### आत्म शक्ति ट्रस्ट व नेशनल कॉन्सोर्टियम टू कॉम्बैट मैलन्यूट्रीशन की रिपोर्ट में खुलासा

# तीन चौथाई आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाएं ही नहीं

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के आदिवासी बहुल जिलों के 87.38 प्रतिशत गांवों में आंगनबाड़ी सुविधाएं है जबकि 12.62 गांवों के पास आवश्यक संसाधन नहीं है। 36.41 प्रतिशत आंगनबाड़ियों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है। साथ ही 70.87 प्रतिशत केन्द्रों पर शौचालय की आवश्यकता है, जहां शौचालय उपलब्ध हैं, उनमें भी 25.24 प्रतिशत ही उपयोगी हैं। आत्म शक्ति ट्रस्ट व नेशनल कॉन्सोर्टियम टू कॉम्बैट मैलन्यूट्रीशन की ओर से सोमवार को अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी में राजस्थान में आंगनबाड़ी की स्थिति पर जारी अध्ययन रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए हैं। आत्मशक्ति ट्रस्ट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रुचि ने रिपोर्ट के बारे में बताते हुए कहा कि आत्मशक्ति ट्रस्ट ने उदयपुर व डूंगरपुर जिले के 206 गांवों मे 51403 परिवार, जो 80 प्रतिशत आदिवासी हैं। संगठन ने इन गांवों की 240 आंगनबाड़ी केन्द्रों की वर्तमान स्थिति व कार्यक्षमता का मूल्यांकन किया। इस सर्वेक्षण में कुछ आंकड़े निकल कर आए 87.38 प्रतिशत गांवों में आंगनबाड़ी सुविधाएं है जबकि 12.62 गांवों के पास आवश्यक संसाधन नहीं है। 78.64 प्रतिशत केन्द्रों के पास रसोईघर नहीं है। रुचि ने ये भी कहा कि 0-6 वर्ष के बच्चों के कोई कानूनी अधिकार नहीं है। गौरतलब है कि आत्म शक्ति ट्रस्ट व नेशनल कॉन्सोर्टियम टू कॉम्बैट मैलन्यूट्रीशन आदिवासी क्षेत्र डूंगरपुर, उदयपुर, बांसवाड़ा जिलों में सघनता से काम कर रहा है। मंच की ओर से हाल ही में कुपोषण के सम्बंध में एक विस्तृत अध्ययन किया गया है। जिसमें ध्यान आकर्षित करने वाले तथ्य आंगनबाड़ी के सबंध में आए है और ये तथ्य राजस्थान ही नहीं उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखण्ड प्रदेशों के अध्ययन में भी निकले हैं। इसी को केन्द्र में रखते हुए संगठन ने देशव्यापी अभियान 'आगंनबाड़ी ग्रामीण भारत की जीवन रेखा' शुरू किया था।



#### बजट में ना हो कटौती

उन्होंने सुझाव के रूप में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दक्षतापूर्ण होना चाहिए। साथ ही सरकार को आंगनबाड़ी बजट की कटौती को छोड़कर इसे बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में संतोष ने बताया कि हमने ऐसा अध्ययन राजस्थान के अलावा उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में भी किया है, वहां की स्थिति बहुत दयनीय है। आंगनबाड़ी केन्द्र का महिलाओं व बच्चों के लिए इतना महत्व होने के बावजूद भी इसकी स्थिति सुधारने पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## Yuva स्टोरीज



### पीआरओ के लिए आवेदन आज से

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में जनसंपर्क अधिकारी के छह पदों पर निकाली गई भर्ती के लिए कल से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन 3 अप्रैल रात 12 बजे तक किए जा सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार होंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। भर्तियों की परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जाएगा। आवेदन के लिए आयोग की वेबसाइट पर सिटीजन ऐप (G2C) में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) करना होगा। इसके लिए अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, जेंडर, सेकेंडरी/समकक्ष परीक्षा और आधार कार्ड/पैन कार्ड/वोटर कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस में से कोई एक आईडी प्रूफ का डिटेल तथा डॉक्युमेंट अपलोड करना अनिवार्य है। लॉगिन कर सिटीजन ऐप में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पर क्लिक कर अपने OTR नंबर के आधार पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है। राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से या फोन नंबर 0145-2635212 और 2835200 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### फिशिंग मेल से सतर्क रहें GATE अभ्यर्थी

**नई दिल्ली।** भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) बंगलुरू 16 मार्च को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (GATE-2024) के परिणाम घोषित करेगा। परिणाम की घोषणा से पहले संस्थान ने X के माध्यम से उम्मीदवारों को घोटाले और फिशिंग से सावधान रहने के लिए कहा है। GATE के आधिकारिक हैंडल में GATE-2024 के बारे में फिशिंग ईमेल वाली वेबसाइटों की सूची का भी उल्लेख किया गया है। ये वेबसाइटें हैं। governmentofindiaministryofedu@gmail.com, examgraduateaptitudetestinengi@gmail.com, gatescorecardgraduateaptitudet@gmail.com और bangaloreiiscindianinstituteof@gmail.com। संदेश में कहा गया है कि छात्र GATE के बारे में इन ईमेल से आने वाले घोटाले और फिशिंग ईमेल से सावधान रहें। GATE-2024 परीक्षा 30 पेपरों के लिए 3, 4, 10 और 11 फरवरी को आयोजित की गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 6 लाख से ज्यादा उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे। इसके अलावा भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) ने घोषणा की है कि दोषपूर्ण पाए गए GATE-2024 आवेदन फॉर्म को सुधारने का उम्मीदवारों को एक और मौका मिलेगा। दोषपूर्ण आवेदनों को सुधारने की सुविधा GOAPS पोर्टल goaps.iisc.ac.in पर उपलब्ध होगी। शेड्यूल के अनुसार, GATE 2024 का परिणाम 16 मार्च को घोषित किया जाएगा, और स्कोरकार्ड 23 मार्च को उपलब्ध कराए जाएंगे।



### बच्चों को किया सुरक्षित यातायात के लिए जागरूक

**जयपुर।** यातायात पुलिस की ओर से सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों की जागरूकता के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को उषा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल गणगौरी बाजार में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांस्टेबल प्रेम सिंह ने छात्र-छात्राओं, अध्यापकों को यातायात नियमों, गुड्स सेमेरिटन, गोल्डन आवर्स की जानकारी दी व यातायात रोड साईन से संबंधित पंपलेट पोस्टर का वितरण किया। छात्र-छात्राओं तथा अध्यापकों को यातायात नियमों की पालना के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल महेंद्र कुमार एवं अध्यापक, हेड कांस्टेबल ताराचंद, वर्गो सांस्कृतिक संस्था के सूचना मंत्री सुनील जैन सहित विभिन्न लोग मौजूद रहे।

### उच्च शिक्षा विभाग व क्रिस्प के बीच MOU

# युवा बनेंगे स्किलफुल खुलेंगे मनचाही नौकरी के द्वार



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के युवाओं को राज्य के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों में विश्वस्तरीय स्किल बेस्ड एजुकेशन मिल पाएगी। इससे ना सिर्फ वे उद्योगों की जरूरत के अनुरूप खुद को स्किलफुल बना पाएंगे बल्कि उन्हें देश-विदेश में रोजगार के बेहतर अवसर भी प्राप्त होंगे।

राज्य सरकारों की पॉलिसी बनाने में मदद करने के लिए पूर्व आईएएस अधिकारियों द्वारा गठित संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च इन स्कीम्स एंड पॉलिसीज (CRISP) ने इस संबंध में राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा विभाग के साथ एमओयू किया है। राजस्थान में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वस्तरीय कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को सचिवालय में उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग और सेंटर फॉर रिसर्च इन स्कीम्स एंड पॉलिसीस (क्रिस्प) के बीच एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस एमओयू में विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, उद्योगों आदि की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विश्वस्तरीय रोजगारोन्मुखी कौशल शिक्षा को जोड़ा गया है। राज्य सरकार की ओर से उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार और क्रिस्प की तरफ से आर सुब्रमण्यम ने उक्त एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सुबीर कुमार ने कहा कि इस कदम से प्रदेश में छात्रों के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन आएगा और वे वैश्विक और औद्योगिक मांग के अनुरूप कौशल में परिपूर्ण हो पाएंगे।

इससे पूर्व क्रिस्प की ओर से आर सुब्रमण्यम ने कहा कि क्रिस्प और राज्य सरकार मिलकर राजस्थान के विद्यार्थियों को डिग्री के साथ ही स्थानीय शैक्षणिक संस्थाओं में व्यावसायिक शिक्षा में कुशल करेंगी।

इससे युवाओं को देश-विदेश में रोजगार के अनेक अवसर प्राप्त हो सकेंगे। इस एमओयू के जरिए टूरिज्म, बैंकिंग एंड फाइनेंस, हेल्थकेयर एंड हॉस्पिटैलिटी, रिटेल, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, लाइफ साइंस, लोजिस्टिक आदि क्षेत्रों के कोर्स और प्रशिक्षण को राज्य के महाविद्यालयों में डिग्री पाठ्यक्रमों के साथ समेकित किया जाएगा। यह सभी पाठ्यक्रम राज्य सरकार द्वारा चिन्हित विभिन्न महाविद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित हैं। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा एवं तकनीकी, कॉलेज शिक्षा विभाग और क्रिस्प के अधिकारीगण, विभिन्न महाविद्यालयों के कुलपति, विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ/संस्थाए उपस्थित रहें एवं राज्य के 50 राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

#### क्या है CRISP

सेंटर फॉर रिसर्च इन स्कीम्स एंड पॉलिसीस (CRISP) एक गैर-सरकारी संस्था है जो भारत सरकार में सचिव पद पर रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों द्वारा प्रारंभ की गई है। यह संस्था राज्य सरकारों के साथ कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साथ मिलकर कार्य करती है। साथ ही राज्य सरकारों की सोशल सेक्टर प्रोग्राम्स और पॉलिसी बनाने में मदद करती है। इसके साथ ही क्रिस्प शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने, युवाओं को स्किलफुल बनाने सहित यूथ एम्पावरमेंट से जुड़े विभिन्न कार्य भी करती है।



### यूजीसी का फैसला

## राजस्थान केंद्रीय विवि अब ऑटोनोमस

बेधड़क | जयपुर



राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय अब स्वायत्त विश्वविद्यालय होगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश के आठ केंद्रीय संस्थानों को वर्गीकृत स्वायत्तता प्रदान की है। यूजीसी ने ग्रेडेड स्वायत्तता के अनुदान के लिए विश्वविद्यालयों का वर्गीकरण विनियम, 2018 के तहत इन्हें वर्गीकृत स्वायत्तता प्रदान की गई है।

इस कदम का उद्देश्य समग्र गुणवत्ता और प्रदर्शन में सुधार के लिए संस्थानों को अधिक प्रशासनिक और शैक्षणिक स्वतंत्रता प्रदान करना है। कुल आठ केंद्रीय संस्थानों दो समूहों में विभाजित किया गया है।

श्रेणी- I में चार विश्वविद्यालय और श्रेणी-II में चार विश्वविद्यालय शामिल हैं। गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद संस्थानों को स्वायत्तता प्रदान की गई जिसमें शैक्षणिक प्रदर्शन, बुनियादी ढांचा, शासन और अनुसंधान आउटपुट जैसे विभिन्न कारक शामिल थे। इस कदम से भारत में अधिक लचीले और अनुकूलनीय उच्च शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मार्ग खुलने की उम्मीद है, जिससे विश्वविद्यालयों को दुनिया भर में अकादमिक सफलता और प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए अपना रास्ता बनाने की अनुमति मिलेगी।

इन विश्वविद्यालयों को अब शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय मामलों से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में उच्च स्तर की स्वायत्तता प्राप्त होगी।

#### इनको मिली श्रेणी-I में स्वायत्तता

- राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जनकपुरी, नई दिल्ली
- दिल्ली विश्वविद्यालय
- दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय

#### इनको मिली श्रेणी-II में स्वायत्तता

- हैदराबाद विश्वविद्यालय
- मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद
- पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय
- हिमाचल प्रदेश का केंद्रीय विश्वविद्यालय

#### फीस वापस करें संस्थान

यूजीसी ने उच्च शिक्षा संस्थानों से उन छात्रों की फीस वापस करने को कहा है जो दूसरे कॉलेजों में स्थानांतरित हो गए हैं। यूजीसी ने चेतावनी दी है कि ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। आयोग का यह अनुस्मारक विश्वविद्यालयों के संबंध में छात्रों की शिकायतें मिलने के बाद आया है। आयोग के मुताबिक यूजीसी को कई उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईएलएस) के खिलाफ शुल्क वापस न करने के संबंध में कई शिकायतें मिल रही हैं। आयोग ने एक आधिकारिक पत्र में कहा, यूजीसी ने सभी एचईएल को मेल और रिमाइंडर के माध्यम से उन छात्रों से प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है, जो उन छात्रों के अन्य संस्थानों में स्थानांतरित होने के बाद संस्थानों को भुगतान की गई फीस की वापसी की मांग कर रहे हैं।

### आयोजन | केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में होगा आयोजन

# रूपक महोत्सव में कल से सजेगी प्रहसनों की झांकी

बेधड़क | जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली की ओर से केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर-परिसर त्रिवेणी नगर में राजस्थान में पहली बार रूपक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के संदर्भ में सम्बोधित करते हुए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर के निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की ओर से प्रायोजित बीसवें रूपक महोत्सव का आयोजन जयपुर परिसर में होना निर्धारित हुआ है। 6 से 9 मार्च तक यह अंतर-विश्वविद्यालयीय नाटक महोत्सव जयपुर में पहली बार





आयोजित हो रहा है। इसमें अनेक संस्कृत विश्वविद्यालय तथा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों से नाट्य दल भाग ले रहे हैं। इनमें कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय रामटेक, श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय गुजरात, कालीकट विश्वविद्यालय केरल और श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली जैसी संस्थाओं के छात्र शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान कुल पन्द्रह प्रहसनों का मंचन होना है। इन प्रहसनों की प्रस्तुतियों की विशेषता यह है कि इसमें संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी तथा प्रादेशिक भाषाओं का प्रयोग होगा। 'भगवदुज्जकीय' प्रहसन एक प्राध्यापक के कर्तव्य का बोध कराता है। रूपक महोत्सव के अंतर्गत विशेष प्रस्तुति 'बलिदानः कथा पन्नाधाय री' राजस्थान के द्वारा दी जाएगी। मध्यप्रदेश के नाट्य दल द्वारा पूर्वरंग का प्रदर्शन किया जाएगा व पुतलिका प्रदर्शन की प्रस्तुति दी जायेगी। संयोजक प्रो. वाई एस रमेश ने बताया कि इस महोत्सव में गायन, नृत्य, पुस्तक-प्रदर्शनी, फूड स्टॉल और सेल्फी कॉर्नर इत्यादि विभिन्न गतिविधियां होंगी। इस अवसर प्रो. रामकुमार शर्मा, प्रो. कुलदीप शर्मा, मीडिया समन्वयक प्रो. रानी दाधीच, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता उपस्थित रहे।

#### क्या होता है प्रहसन

विश्व को कल्याण का मार्ग दिखाना भारतीय परम्परा का सहज धर्म है जिसका ज्ञान अभिनय के माध्यम से कराया जाता है, उन्हें दृश्य काव्य कहते हैं। क्योंकि हमें रंगमंच पर राम आदि के अभिनय के माध्यम से चाक्षुष साक्षात्कार होता है, जैसे महाकवि कालिदास के अभिज्ञानशाकुन्तल आदि। दृश्य काव्य ही रूपक के नाम से जाने जाते हैं। रूपक के नाटकादि दस भेद हैं, जिनमें प्रहसन भी एक है। साहित्यदर्पणकार ने प्रहसन का लक्षण इस प्रकार किया है- "भवेत् प्रहसनं वृत्तं निन्द्यानां कविकल्पितम्।" प्रहसन में उन सामाजिक व्यक्तियों के उन आचरणों का वर्णन होता है, जो निन्दनीय तथा निषिद्ध हैं। संस्कृत में अनेक प्रहसन लिखे गए हैं। प्रहसनों का उद्देश्य हास्य के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों की ओर ध्यानाकर्षण है तथा कर्तव्य का बोध कराना हैं।

# नए युग व राष्ट्र रूपी मंदिर निर्माण के खोखले दावे और 'सुप्रीम हंटर'



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका

भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र की हत्या के लाख प्रयासों के बावजूद आख़िरकार सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजयी घोषित कर ही दिया है। सत्ता को दर्पण दिखने वाले इस फैसले से एक दिन पूर्व यानी गत सोमवार (19 फरवरी ) को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में कल्किधाम मंदिर के एक शिलान्यास कार्यक्रम में जो 'प्रवचन' दे रहे थे उसे सुनकर कोई भी यही कहेगा कि भारतवर्ष तीव्र गति के साथ न केवल आगे बढ़ रहा है बल्कि विश्व महाशक्ति भी बनने जा रहा है। उनके लोकलुभावन व आत्म प्रशंसा से ओत प्रोत प्रवचन के मुख्य अंश कुछ इसतरह थे - "ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जो ज़िम्मा सौंपा है उसको भव्यता दे रहा हूं'। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा संकल्पों के साथ आगे बढ़ रही है। आपने फरमाया कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि 'भारत पहली बार उस मुक़ाम पर है कि अब वह अनुसरण नहीं दुनिया भर में उदाहरण पेश कर रहा है। अब देश का हर व्यक्ति गौरव गौरवान्वित महसूस करता है। अब हमारी शक्ति अनंत और संभावनाएं अपार हैं। अब कालचक्र बदल गया है और नए युग की शुरुआत हो चुकी है। हम दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं," आदि आदि। जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपरोक्त 'प्रवचन' देकर 'राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण' की सुनहरी तस्वीर पेश करने की कोशिश कर रहे थे ठीक उसी समय देश का सर्वोच्च न्यायलय एक बार फिर पिछले दिनों चंडीगढ़ में हुए मेयर चुनाव पर इसी आत्म मुग्ध सरकार और इसके 'चाणक्यों ' को आइना दिखा रहा था। ग़ौरतलब है कि भाजपा की चुनाव टालने की तमाम कोशिशों के बावजूद गत 30 जनवरी को चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव संपन्न हुआ था। चंडीगढ़ नगर निगम में पार्षदों की कुल 35 सीटें हैं। एक वोट स्थानीय लोकसभा सदस्य का भी गिना जाता है। इस तरह बीजेपी के 14 पार्षद, एक भाजपा सांसद (किरण खेर) और शिरोमणि अकाली दल के एक पार्षद को मिलाकर कुल 16 वोट ही होते हैं। जबकि दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के पास 13 और कांग्रेस के पास 7 पार्षद हैं। अर्थात इंडिया गठबंधन के पास कुल 20 मतों के संख्या बल के आधार पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस इसे लोकसभा चुनाव से पूर्व इंडिया गठबंधन के बीजेपी से पहले मुक़ाबले की तरह देख रही थी तथा इंडिया गठबंधन की जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त थी। परन्तु इन संभावनाओं के विपरीत आए चुनाव परिणामों से पूरा देश हैरान रह गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान के आए वीडियो में देखा गया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा मत पत्रों को अमान्य करार देने की गरज से जानबूझकर उन पर हस्ताक्षर किए गए या कुछ लिखा गया। और बाद में पीठासीन अधिकारी ने निशान लगाए गए उन्हीं आठ मतों को आमान्य क़रार दे दिया। और 14 पार्षद वाली भाजपा के मेयर को विजयी घोषित कर दिया। जिन आठ वोटों को अमान्य क़रार दिया गया उसका कारण भी नहीं बताया गया। बीजेपी चंडीगढ़ मेयर चुनाव को इतना अहम समझ रही थी कि पार्टी के एक महासचिव चुनाव से कई दिनों पूर्व से ही इन चुनावों की रणनीति के लिए चंडीगढ़ में ठहरे हुए थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस धांधलीपूर्ण जीत के बाद कहा था कि बीजेपी की चंडीगढ़ यूनिट को मेयर चुनाव जीतने के लिए बधाई। पीएम मोदी के नेतृत्व में चंडीगढ़ में रिकॉर्ड विकास हुआ है। बहरहाल नए युग की शुरुआत, कालचक्र बदलने व राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण जैसे देशवासियों को आए दिन दिए जा रहे 'लॉली पॉप ' के बीच कांग्रेस व आप नेताओं द्वारा "प्रिसाइडिंग ऑफिसर पर देशद्रोह करने के आरोप लगाए गए व उसे गिरफ्तार करने व मुक़दमा चलाने की मांग की गयी। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया। उसके बाद इस प्रकरण में आई माननीय चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड की टिप्पणी नए युग की शुरुआत करने व कालचक्र बदलने का दावा करने वालों के लिए सबक़ लेने वाली हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, यह लोकतंत्र का मज़ाक है, जो हुआ, हम उससे हैरान हैं. हम लोकतंत्र की इस तरह से हत्या नहीं होने दे सकते।'' सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव करवाने वाले पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह को भी उनकी संदिग्ध 'कारगुजारियों' के लिए कड़ी फटकार लगाई। वीडियो देखने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने पीठासीन अधिकारी के बारे में कहा, 'ए साफ है कि मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ हुई है।' क्या इस तरह से चुनाव करवाए जाते हैं? इस आदमी (पीठासीन अधिकारी ) पर मुकदमा चलना चाहिए। गोया भाजपा की 'कुटिल कथित चाणक्य नीति' और उस पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों व निर्देशों से यह साफ हो गया कि जिस नए युग की बात की जा रही है,जिसे कालचक्र का परिवर्तन बताया जा रहा है और जिस राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण की बातें की जा रही है वह दरअसल लोकतंत्र की 'हत्या और मजाक' का काला दौर है। मात्र सत्ता पर काबिज होने के लिए जिस तरह के छल प्रपंच रचे जा रहे हैं वह स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे काला दौर है।

**(ए लेखक के निजी विचार हैं)**

> *"चुनाव प्रक्रिया के दौरान के आए वीडियो में देखा गया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा मत पत्रों को अमान्य करार देने की गरज से जानबूझकर उन पर हस्ताक्षर किए गए या कुछ लिखा गया। और बाद में पीठासीन अधिकारी ने निशान लगाए गए उन्हीं आठ मतों को आमान्य क़रार दे दिया। और 14 पार्षद वाली भाजपा के मेयर को विजयी घोषित कर दिया।"*

फाल्गुन कृष्ण पक्ष दशमी जन्मजयंती विशेष

# प्रथम उद्घोषकर्ता दयानन्द सरस्वती



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अंग्रेजों ने भारत को परतंत्रता की जंजीर में जकड़े रखने के लिए, भारतीयों को दासता की बंधन में बांधे रखने के लिए, भारतीयता को विनष्टता के कगार पर पहुंचा देने के लिए 1857 के स्वाधीनता संग्राम के पूर्व से ही भारतीयों पर दमन चक्र चलाना आरंभ कर दिया था, जो 1857 के पश्चात और भी तेज हो गया। उस काल में अंग्रेजों के द्वारा भारतीयों की आत्मा को बर्बर तरीके से कुचला गया, ताकि भारतीयों के मन में अंग्रेजों के विरुद्ध पुनः संघर्ष करने का विचार सपने में भी उत्पन्न न हो सके, लेकिन मुंबई की मोरवी रियासत के समीप गुजरात के राजकोट जिला अंतर्गत काठियावाड़ क्षेत्र में पिता कृष्ण (करशन) लालजी तिवारी और माता अमृता बाई (अम्बा बाई) के घर 12 फरवरी 1824 को जन्मे महर्षि दयानन्द सरस्वती (1824-1883) ऐसे क्रांतिकारी संयासी थे, जिन्होंने अंग्रेजों के उस दमन काल में साहस पूर्वक विदेशी राज्य का विरोध करते हुए सर्वप्रथम 1876 में स्वराज्य का उद्घोष किया था, जिसे बाद में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने अपना कर्ममंत्र बनाते हुए आगे बढ़ाया था। वेदों के उत्कट ज्ञाता, पुनः उद्धारकर्ता, चिन्तक तथा आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती आधुनिक युग के ऐसे साधक हैं, जिन्होंने अपनी साधना और अंतर्चेतना से न केवल मानवीय जीवन के आदर्श मूल्यों के आधारभूत मानदंड स्थापित किए, बल्कि राष्ट्र और संस्कृति की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए ही अपना जीवन समर्पित कर दिया। वे अलौकिक सत्य के ऐसे साधक थे, जिन्होंने लौकिक जगत जीवन के कल्याण के लिए नवीन मानविन्दु स्थापित किया।

वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 1932 ईस्वी सन 1875 को गिरगांव मुम्बई में आर्यसमाज अर्थात श्रेष्ट जीवन पद्धति की स्थापना करने वाले महर्षि दयानन्द सरस्वती ने ही वेदों की ओर लौटो नामक प्रमुख नारा दिया था। कर्म सिद्धान्त, पुनर्जन्म तथा सन्यास को अपने दर्शन का स्तम्भ बनाने वाले दयानन्द ने ही सर्वप्रथम प्रथम जनगणना के समय आगरा से देश के सभी आर्यसमाजों को यह निर्देश भिजवाया कि समाज के सब सदस्य अपना धर्म,



सनातन धर्म दर्ज करवाएं। काठियावाड़ और बनारस में क्रमशः प्रारम्भिक और संस्कृत व वैदिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद अत्यधिक ज्ञान पिपासु स्वभाव के स्वामी दयानन्द, गुरु विरजानन्द से पाणिनी व्याकरण, पातंजल-योगसूत्र तथा समस्त वेद-वेदांग का अध्ययन कर गुरु दक्षिणा चुकाने के लिए विद्या को सफल कर दिखाने, परोपकार करने, मत मतांतरों की अविद्या को मिटाने, वेद के प्रकाश से इस अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करने, वैदिक धर्म का आलोक सर्वत्र विकीर्ण करने के उद्देश्य से भारत भ्रमण के लिए निकल पड़े, और कृण्वन्तो विश्वमार्यम् अर्थात विश्व को आर्य बनाते चलो की नीति पर चलते हुए सर्वप्रथम देशवासियों में मुगलों व अंग्रेजों से स्वतंत्रता की ललक जगाई व संपूर्ण भारत को आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक रूप से संगठित करने का कार्य किया।

भारत के स्वाधीनता संग्राम में अस्सी प्रतिशत क्रांतिकारी आर्यसमाज की पृष्ठभूमि से थे। आर्य समाज से कई स्वतंत्रता सेनानी निकले, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मोहनदास करमचंद गांधी व लोकमान्य तिलक आदि भी स्वामी दयानन्द को अपना आदर्श मानते थे। दयानन्द के विचारों से प्रभावित होकर कई युवा व समाज सुधारक आगे आए व देश के निर्माण में अपना योगदान दिया। भारत भ्रमण क्रम में उन्होंने अंग्रेजी शासन में दीन हीन हो चुकी भारतीय जीवन को निकट से देखा, तो उन्हें महसूस हुआ कि इस प्रकार विपन्न व भयभीत जीवन के साथ मनुष्य सत्य को कैसे समझ सकता है? इसलिए उन्होंने एक साथ कई दिशाओं में कार्य आरंभ करते हुए अंग्रेजों के विरुद्ध जनजागरण प्रारंभ कर दिया। अपने जनसंपर्क और जनजागरण अभियान में उन्हें यह भी अनुभव हुआ कि भारत बैचेन है और संघर्ष के लिए तैयार है। बस उसे संगठन और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इसलिए उन्होंने इस कार्य का स्वयं नेतृत्व संभालते हुए इस कार्य में अपने गुरु भाईयों को भी सक्रिय कर कार्य का शुभारंभ कर दिया।

उनके नेतृत्व में इस टोली ने समाज के प्रबुद्ध और प्रभावशाली व्यक्तियों को संगठित करना आरंभ किया। भारत राष्ट्र की सांस्कृतिक वैभव को पुनः प्रतिष्ठित करने के लिए चिंतित उस कालखंड के लगभग सभी लोग स्वामी दयानन्द के संपर्क में आ गए। इनमें नाना साहब पेशवा, तात्या टोपे, हाजी मुल्ला और बाला साहब जैसे वीर महापुरुष भी थे। कार्य को आगे बढ़ाने के लिए संदेश वाहकों की टीम तैयार हुई। फिर दयानन्द के प्रवचन होने लगे और यह टोली वहाँ लोगों को संगठित क्रांति के लिए तैयार करने लगी। इससे परस्पर आपसी संबंध बने और एकता आई। इस संपर्क और संगठन के अभियान में रोटी और कमल एक प्रतीक चिन्ह बना। इस संपर्क कार्य के लिए पुजारी, पुरोहित और साधु संतों को भी जोड़ा गया। इससे देश में स्वाधीनता का एक नई अग्नि प्रज्वलित होती नजर आई। 1857 की क्रांति की पृष्ठभूमि में स्वामी दयानन्द की प्रवचन सभाएं कानपुर, लखनऊ, मेरठ, लाहौर, इंदौर, आदि अनेक स्थानों पर हुईं। मेरठ क्रांति के समय स्वामी दयानन्द मेरठ में ही थे। समय के साथ क्रान्ति आरंभ हुई, किन्तु आशातीत सफलता प्राप्त नहीं हो सकी। इससे स्वामी दयानन्द कतई निराश नहीं हुए। उनके मन में नकारात्मकता का कोई भाव न था। उनकी मान्यता थी कि शताब्दियों की दासता से मुक्ति किसी एक झटके में संभव में नहीं है। इसके लिए लंबा संघर्ष करना होगा। वे लोगों को समझाते थे कि प्रसन्नता एक आंतरिक संकल्प है। और प्रसन्नता की निरंतरता ऐसी आत्मशक्ति से उत्पन्न होती है जो सफलता और असफलता से ऊपर हो। उनके विचारों और प्रवचनों से समाज में एक नई ऊर्जा का संचार होने लगा और लोग नये सिरे से सक्रिय होने लगे। नई परिस्थिति में स्वामी दयानन्द गुरू स्वामी बिरजानंद के सलाह पर चलते हुए वैदिक सत्य ज्ञान की व्याख्या करने और जनजागरण कार्य में जुट गए। गुरु के सलाह पर अनुसार महर्षि स्वामी दयानन्द हरिद्वार आए। और वहां कुम्भ के अवसर पर पाखण्डखण्डिनी पताका फहराई। और दिखावे के कर्मकांड, अंध विश्वास, और वेद विरोधी बातों का जोरदार खंडन किया।

दुखद स्थिति यह है कि सदैव राष्ट्रीय भावना और जनजागृति को क्रियात्मक रूप देने में प्रयत्नशील रहने वाले स्वाधीनता संग्राम के सर्वप्रथम योद्धा, वेद के पूनर्रूद्धारक योगाभ्यासी स्वामी दयानन्द की हत्या व अपमान के कुल 44 प्रयास उनके 1863 में गुरु विरजानंद के पास अध्ययन पूर्ण होने के बाद लगभग बीस वर्षों के कार्यकाल में हुए। जिसमें से 17 बार विभिन्न माध्यमों से विष देकर प्राण हरण के प्रयास थे, फिर भी उनके प्राण हरण का कोई प्रयास सफल नहीं हो सका। लेकिन 30 अक्टूबर 1883 को दीपावली की संध्या को एक विधर्मी षड्यन्त्र सफल हो गया और विषयुक्त कांच चूर्ण मिश्रित दूध के सेवन से उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और अजमेर के अस्पताल में उन्होंने इस संसार से विदा ले ली।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> *"भारत के स्वाधीनता संग्राम में अस्सी प्रतिशत क्रांतिकारी आर्यसमाज की पृष्ठभूमि से थे। आर्य समाज से कई स्वतंत्रता सेनानी निकले, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मोहनदास करमचंद गांधी व लोकमान्य तिलक आदि भी स्वामी दयानन्द को अपना आदर्श मानते थे। दयानन्द के विचारों से प्रभावित होकर कई युवा व समाज सुधारक आगे आए व देश के निर्माण में अपना योगदान दिया।"*

व्यंग्य

# मैं ढूंढता था जिसको ...!



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

शीर्षक पढ़कर जैसा आप सोच रहे हैं, वैसी बात नहीं है। बात राजनीति की है। सत्तासुंदरी का वरण करने के लिए जाने कैसे-कैसे लोग जाने कैसे-कैसे तौर-तरीके आजमाया करते हैं। लाचार जनता के समक्ष इनके करतबों को टुकुर-टुकुर देखते रहने के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं होता। एक प्रकार से राजनीति में दिल्ली वाले भैया का सूबे वाले भैया अनुसरण करते हैं। ठीक इसी प्रकार सूबे वाले भैया का अलग-अलग इलाकों के भैया लोग अनुसरण करते हैं। ऊपर से नीचे तक की कड़ी एक सूत्र में पिरोए हुए होती है। जैसी डोर दिल्ली में घूमती है उसी के अनुसार बाकी सब अपनी-अपनी पोजीशन ले लिया करते हैं।

व्यवहार में देखा गया है कि हर एक छोटे-बड़े नेतालोग अपने किसी राजनीतिक आका के बलबूते पर ही राजनीति किया करते हैं। ऐसे में जब आका की किस्मत चेत जाती है, तो उस पर निर्भर बंदों की राजनीतिक किस्मत भी पलट जाया करती है। यही कारण है कि देश-प्रदेश में लगभग हर एक नेता किसी न किसी बड़े नेता का पल्लू पकड़ कर राजनीति के मैदान में अपना जौहर दिखलाता है। इधर से उधर या उधर से इधर होने में अब किसी के अंतर्मन में शर्मिंदगी का भाव नहीं आता।

कल तक एक दूसरे को जी भरकर कोसने वाले कब आपस में गलबहिया डालकर जनम-जनम का साथ निभाने का वादा कर बैठे, पक्के तौर पर कभी कुछ नहीं कहा जा सकता। वैसे भी आजकल की राजनीति में बात का धनी होना कोई आवश्यक शर्त नहीं है। जब जिसे जहां जो मौका मिले, लॉलीपॉप के लिए मचलना उसका मूल स्वभाव हुआ करता है। आजकल की राजनीति में इस बात की चिंता नहीं की जाती कि लोग क्या कहेंगे ! कभी-कभी तो सत्ता के प्रति आसक्ति भाव इतना प्रबल होता है कि चाहे मान-सम्मान और स्वाभिमान दांव पर लग जाए लेकिन सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित हो जाए, ऐसी ही कोशिश हुआ करती है। इन्हें रत्ती भर भी परवाह नहीं हुआ करती कि भला लोग क्या कहेंगे! वैसे भी अब राजनीति के मैदान में स्वार्थसिद्धि की ऐसी-ऐसी झाड़ियां विकसित हो गई है जिसके चलते नीति और सिद्धांतों की खेती हो ही नहीं सकती। हर एक आम चुनाव की पूर्व बेला में इधर के भूखे-प्यासे उधर के पकवान खाने को मचलने लगते हैं। अब वह जमाना तो जाने कब का बीत गया जब नीति और सिद्धांतों के आधार पर दल विशेष के प्रति मोह-बंधन टूटा करता था। अब तो खुल्लम-खुल्ला राजनीति में इस हाथ दे और उस हाथ ले, का गणित काम किया करता है। वैसे अब आम नागरिकों ने भी यह मान लिया है कि जो बंदा राजनीति में सक्रिय होता है, उसे जनसेवा करने के लिए पद की आवश्यकता तो होती ही है। ऐसा नहीं होता तो इधर से उधर और उधर से इधर आने-जाने वाले भला जनमत का बहुमत कैसे प्राप्त कर सकते थे? दरअसल राजनीति में हर एक धुरंधर अपने-अपने करतब दिखाता है और जनता जनार्दन नेता विशेष के डमरू बजाने पर करतल ध्वनि कर बैठती है।

नॉलेज कॉर्नर: हर साल 800 पर्वतारोही करते हैं चढ़ाई

# सबसे ऊंचा कब्रिस्तान है माउंट एवरेस्ट!

माउंट एवरेस्ट दुनिया की सबसे फेमस चोटी है। अगर आपसे कोई दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत के बारे में पूछे तो बिना सोचे हर कोई माउंट एवरेस्ट का नाम ही बोलेगा। माउंट एवरेस्ट नेपाल में है और इसकी ऊंचाई की बात करें, तो यह 8848 मीटर है। माउंट एवरेस्ट को कई लोगों ने फतह किया है, जिनमें कई भारतीय लोगों का नाम भी शामिल है। लेकिन ये दुनिया का सबसे ऊंचा कब्रिस्तान भी कहा जाता है। ये पढ़कर थोड़ा आपको भी अजीब लगा होगा! माउंट एवरेस्ट पर हर साल लगभग 800 पर्वतारोही चढ़ाई करते हैं। लेकिन जितने लोग भी चढ़ते हैं,उनमें से सारे जिंदा वापिस नहीं लौट पाते। बता दें कि सन् 1953 में सर एडमंड हिलेरी और तेंजिन शेरपा ने माउंट एवरेस्ट फतह किया था।

### सस्ता है परमिट

माउंट एवरेस्ट के जिस शिखर पर चढ़ाई करनी होती वो रास्ता नेपाल से होकर जाता है। खास बात ये है कि माउंट एवरेस्ट का नेपाल की अर्थव्यवस्था में भी योगदान है। यहां स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलता है। नेपाल सरकार भारतीय नागरिकों को 1500 नेपाली रुपए में एंट्री परमिट दे देती है लेकिनइसकी चढ़ाई करने में लाखों रुपए का खर्च आ जाता है। अब आपको बता दें कि दुनियाभर में माउंट एवरेस्ट के नाम से जाना जाने वाले एवरेस्ट पर्वत को नेपाल में स्थानीय लोगों द्वारा सागरमाथा के नाम से जाना जाता है, जिसका अर्थ स्वर्ग का शीर्ष होता है। नेपाल के इतिहासविद् रहे बाबूराम आचार्य द्वारा 1930 में यह नाम रखा गया था।



### इसलिए होती मौतें

बता दें कि माउंट एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा कब्रिस्तान है, जहां मुर्दों की लाशें तक वापिस नहीं लाई जाती। ये लाशें बर्फ में ही दबी रह जाती हैं। सस्ता परमिट और फिटनेस की पुख्ता जांच न होने के चलते लोग एक्सपीडिशन कंपनियों को पैसा देकर बिना किसी अनुभव के एवरेस्ट पर निकल जाते हैं। एवरेस्ट के रास्त में सबसे ज्यादा भीड़ इन्हीं लोगों की वजह से होती है और जाम लग जाता है।

**ज्यादा ऊंचाई के लिए नहीं इंसानी शरीर**


*इंसानी शरीर ज्यादा ऊंचाई नहीं झेल सकता। 8 हजार फीट की ऊंचाई से ऊपर जाते ही लोगों को सिरदर्द,उल्टी और चक्कर आने लगते हैं। इतनी ऊंचाई पर सिलेंडर में बची एक-एक मिनट की ऑक्सीजन बेशकीमती हो जाती है। सिर्फ यही नहीं, सेरेब्रल एडीमा से दिमाग में सूजन आ जाती है।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन


X



**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
**@AmitShah**
प्रत्येक व्यक्ति का समर्थन एक विकसित भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। आइए हम सभी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों और नमो का उपयोग करके #DonationForNationBuilding को एक राष्ट्रव्यापी अभियान बनाएं।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
सुनो गौर से दुनिया वालों,
भारत का तुम लोहा मानो
चाहे जितना शोर मचा लो,
सबसे आगे पहुँचे हिदुस्तानी
जिसने बदला है भारत ...मोदी है वो।



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
**@KumariDiya**
लोक कलाओं को संरक्षित करने में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले, पद्म भूषण से सम्मानित, राजस्थान के रत्न श्री कोमल कोठारी जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

### पश्चिम बंगाल: संदेशखाली की घटनाओं को लेकर गिरा पहला सियासी विकेट

# तृणमूल कांग्रेस को झटका, वरिष्ठ नेता तापस रॉय का पार्टी से इस्तीफा

एजेंसी | कोलकाता

लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में संदेशखाली की घटनाओं को लेकर सियासी रूप से घिरी सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस में सियासी घमासान शुरू हो गया है। पार्टी को सोमवार को उस समय झटका लगा जब उसके वरिष्ठ नेता तापस रॉय ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है।इसके साथ ही उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को भी छोड़ने की घोषणा की है। रॉय ने विधानसभा अध्यक्ष इस्तीफा सौंपने के बाद कहा कि मैं अब एक स्वतंत्र पंछी हूं। इसके साथ ही तापस रॉय के भाजपा में जाने के कयास शुरू हो गए हैं। इस्तीफा के बाद जब उनसे भाजपा में शामिल होने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने फिलहाल इस पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रॉय का इस्तीफा सीएम ममता बनर्जी के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

रॉय ने कहा कि वह भ्रष्टाचार और संदेशखली कांड को लेकर तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफ दे रहे हैं। ज्ञात रहे कि रॉय ने कुछ दिन





पहले भी पार्टी छोड़ने के संकेत दिए थे। रॉय ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जनवरी में उनके आवास पर छापामारी की थी, तब पार्टी ने उनका साथ नहीं दिया। रॉय ने इसके लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। इससे पहले पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

रॉय ने कहा, मैं पार्टी की कार्यप्रणाली से निराश हूं। मैं पार्टी और सरकार के खिलाफ लगे इतने सारे भ्रष्टाचार के आरोपों से तंग आ गया था। दूसरी बात ये कि जिस तरह से संदेशखाली मुद्दे को संभाला गया, मैं उसका समर्थन नहीं करता हूं।

### पार्टी के कामकाज के तरीकों पर जताई निराशा

रॉय ने कहा कि मैं पार्टी के कामकाज के तरीके से वास्तव में निराश हूं। मैं पार्टी और सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के इतने सारे आरोपों से तंग आ चुका हूं। सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ टीएमसी नेता कुणाल घोष और ब्रत्य बसु ने सोमवार सुबह तापस रॉय को मनाने की कोशिशें की लेकिन इसके बाद भी उन्होंने इस्तीफा दे दिया। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि रॉय का उत्तरी कोलकाता से टीएमसी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय के साथ विवाद चल रहा है। रॉय पिछले 25 साल से पार्टी से जुड़े हुए थे।

### कांग्रेस से टीएमसी में आए थे रॉय

तापस रॉय पहली बार 1996 में विद्यासागर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर विधायक चुने गए थे। रॉय ने 2001 का विधानसभा चुनाव बारा बाजार से टीएमसी के टिकट पर जीता था। वह 2011 में उत्तर 24 परगना जिले के बारानगर विधानसभा क्षेत्र में चले गए और तब से इस सीट से टीएमसी विधायक हैं। रॉय मौजूदा विधानसभा में टीएमसी के उप मुख्य सचेतक भी थे। अब उनके इस्तीफ से लोकसभा चुनाव से पहले राज्य की सियासी सरगरमी बढ़ गई है।

### नड्डा ने राज्यसभा की हिमाचल सीट छोड़ी



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राज्यसभा सीट से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार रात इस्तीफा दे दिया। वह 20 फरवरी को गुजरात से राज्यसभा सांसद के चुने गए थे। इसके अलावा तीन अन्य उम्मीदवारों को गुजरात से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया था। नड्डा का इस्तीफा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने स्वीकार कर लिया है। नड्डा के अलावा राज्यसभा के जिन तीन भाजपा नेताओं को राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया है, उनमें हीरा कारोबारी गोविंदभाई ढोलकिया, भाजपा नेता जसवंत सिंह परमार और मयंक नायक शामिल हैं।

### राजभर, दारा सिंह बनेंगे मंत्री, रालोद को भी एंट्री संभव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 का पहला मंत्रिमंडल विस्तार मंगलवार शाम 5 बजे राजभवन में होगा। सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, भाजपा विधायक दारा सिंह चौहान और रालोद के एक से दो विधायक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल आनंदी बेन पटेल मंगलवार शाम को लखनऊ लौट रही है। उनके लखनऊ लौटने के बाद राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह प्रस्तावित है।

**जयंत ने बागपत व बिजनौर से घोषित किए प्रत्याशी** : राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख चौधरी जयंत सिंह ने लोकसभा चुनाव के लिए बागपत सीट से डॉ. राजकुमार सांगवान और बिजनौर सीट से विधायक चंदन सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। विधान परिषद के लिए मथुरा से योगेश नौहार को प्रत्याशी बनाया गया है। डॉ. सांगवान वर्तमान में रालोद के राष्ट्रीय सचिव हैं।

### तेलंगाना-तमिलनाडु के दौरे में पीएम मोदी का विपक्ष पर पलटवार, कहा...

# 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार जिसका कोई नहीं वे भी मोदी के

एजेंसी | आदिलाबाद (तेलंगाना)/ चैन्नई

■ भाजपा नेताओं ने अपना बायो बदला, नाम के आगे लिखा-मोदी का परिवार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पहले तेलंगाना और फिर तमिलनाडु का दौरा किया और वहां अलग अलग सभाओं को संबोधित करते हुए राजद प्रमुख लालू यादव की एक टिप्पणी को लेकर पलटवार किया और कहा कि 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार है। आज देश की करोड़ों बेटियां-माताएं-बहनें यही मोदी का परिवार है। देश का हर गरीब मेरा परिवार है। जिसका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं का विस्तार लेकर मैं सपनों को संकल्प के साथ सिद्ध करने के लिए, आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा। पीएम मोदी ने चैन्नई में सभा में तमिलनाडु की द्रमुक सरकार पर भी हमला किया और कहा कि इस सरकार को जनता के सुख-दुख से कोई मतलब नहीं.

पीएम मोदी ने तेलंगाना के आदिलाबाद में एक रैली में 'परिवारवादी पार्टियों' पर हमला करते हुए कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन 'झूठ और लूट' का उनका चरित्र समान है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन(विपक्षी गठबंधन इंडिया) के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई, इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।





### आदिवासी समाज के लिए किया काम

पीएम मोदी ने कहा, हमने आदिवासी समाज के लिए काम किया है, जो कुछ लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। हमने पीएम जन-मन योजना शुरू की और सभी वर्गों के लोगों को समान अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने तेलंगाना के विकास के लिए कहीं ज्यादा राशि खर्च की है। हमारे लिए विकास का मतलब है, गरीब से गरीब का विकास, दलित, वंचित, आदिवासियों का विकास करना। हमारे इन प्रयासों का परिणाम है कि आज 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं।

### चेन्नई प्रतिभा व व्यापार का बड़ा केंद्र

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार चेन्नई जैसे शहरों को विकसित करने के लिए काम कर रही है। देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत' के मिशन में तमिलनाडु के लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, जब भी मैं चेन्नई आता हूं तो मुझे लोगों से उर्जा मिलती है। चेन्नई प्रतिभा, व्यापार और परंपरा का एक बड़ा केंद्र है और विकसित भारत के निर्माण के मिशन यहां के लोग बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### द्रमुक सरकार पर साधा निशाना

उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि संकट के समय द्रमुक के लोग बाढ़ प्रबंधन के बजाए मीडिया प्रबंधन में व्यस्त थे। प्रधानमंत्री ने कहा, केंद्र सरकार की तमाम कोशिशों के बीच द्रमुक सरकार ने चेन्नई के लोगों की जरूरतों और उनके सपनों से मुंह मोड़ लिया है। जब चक्रवात आया तो द्रमुक सरकार ने मदद करने के बजाए लोगों की समस्याओं को बढ़ाने का काम किया। संकट के समय द्रमुक के लोग बाढ़ प्रबंधन सुनिश्चित नहीं करते हैं। बल्कि मीडिया प्रबंधन करते हैं।

### तेलंगाना को दी कई सौगात

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करने से पहले यहां 56,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आज आदिलाबाद की धरती तेलंगाना ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए विकास की गवाह बन रही है। आज 30 से ज्यादा विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का अवसर मुझे यहां मिला है।

### तेलंगाना में दिखी सौहार्द की सियासत

# रेड्डी ने मोदी को बताया बड़ा भाई, विकास के लिए मांगी मदद



एजेंसी | आदिलाबाद (तेलंगाना)

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बड़ा भाई कहते हुए प्रदेश के विकास के लिए केंद्र से मदद मांगी। सीएम रेवंत रेड्डी आदिलाबाद गए जहां पर प्रधानमंत्री मोदी कई प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। इस अवसर पर एक सभा में सीएम रेड्डी ने गुजरात की तर्ज पर तेलंगाना को विकसित करने के लिए पीएम मोदी से सहयोग मांगा।

### KCR रहते थे मोदी की सभाओं से दूर

बता दें कि एक तरफ जहां तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पीएम मोदी की जनसभा से दूर रहना ही पसंद करते थे। वहीं रेवंत रेड्डी ने सोमवार को अपने इरादे स्पष्ट कर दिए कि वह केंद्र से टकराव नहीं करना चाहते और केंद्र के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहते हैं।

### पीएम की अगवानी की, किया मंच साझा

सीएम रेड्डी ने कहा कि राजधानी हैदराबाद वाला तेलंगाना जो देश का पांचवां सबसे बड़ा शहर है, भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के पीएम मोदी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य में योगदान देना चाहेगा। लंबे समय बाद किसी आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान तेलंगाना के किसी सीएम ने पीएम की अगवानी की और उनके साथ मंच साझा किया।

### विकास कार्यों की सौगात पर कांग्रेस ने कसा PM मोदी पर तंज, कहा...

# पहले पूरे हो चुके प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कई राज्यों में विभिन्न प्रोजेक्ट्स के लोकार्पण व शिलान्यास पर तंज कसते हुए कहा है कि जिन-जिन परियोजनाओं का पीएम मोदी उद्घाटन कर रहे हैं, वो पहले ही पूरी हो चुकी थी या यह पहले की परियोजनाओं का विस्तार है। गौरतलब है कि पीएम मोदी का चार से छह मार्च के बीच तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार का दौरा करेंगे। इस दौरान वे 1.10 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। कांग्रेस नेता



जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सोमवार, मंगलवार और बुधवार को कई राज्यों में उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। लगभग सभी परियोजनाएं जिनका वह उद्घाटन कर रहे हैं, उनमें से कुछ उनके प्रधानमंत्री बनने से पहले की हैं और वे पूरी हो गई हैं। उन्होंने कहा कि कलपक्कम में प्लूटोनियम फास्ट ब्रीडर रिएक्टर 22 वर्षों से अधिक समय से निर्माणाधीन है। जब मैंने एक दशक पहले इसका दौरा किया था, तो यह 95 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका था।

### परिवारवाद की राजनीति पर बोलना बंद करें पीएम

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि पीएम मोदी को भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति पर बोलना बंद कर देना चाहिए और उन्हें महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, गरीबी और महिलाओं के खिलाफ अपराध पर बोलना शुरू करना चाहिए। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पीएम मोदी को घेरते हुए कहा, भाजपा को आत्महत्या करने वाले युवा और किसानों के परिवारों की चिंता क्यों नहीं है। यह मुद्दों से भटकाने के लिए है। इस देश में हर घंटे एक किसान और दो युवा आत्महत्या करते हैं। अगर भाजपा को उनकी चिंता होती तो उसके नेता अपने नाम के साथ 'किसान परिवार' जोड़ लेते।

### अश्लील वीडियो विवाद में घिरा भाजपा प्रत्याशी

# निर्दोष साबित नहीं होने तक चुनावी लड़ाई से रहूंगा दूर: उपेंद्र रावत

एजेंसी | बाराबंकी

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने उनका एक कथित अश्लील वीडियो वायरल होने पर चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की है। रावत ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि मेरा एक एडिटेड वीडियो वायरल किया जा रहा है जो डीप फेक एआई तकनीक द्वारा जेनरेटेड है। जिसकी एफआईआर मैंने दर्ज करा दी है। उन्होंने लिखा है कि जब तक मैं निर्दोष साबित नहीं होता तब तक सार्वजनिक जीवन में कोई चुनाव नहीं लड़ूंगा। ज्ञात रहे कि शनिवार को ही रावत को भाजपा ने बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र से पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया था।

इसके अगले ही दिन रविवार से ही कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जिसमें एक व्यक्ति, एक युवती के साथ किसी कमरे में नजर आ रहा है। सोशल मीडिया में यह वीडियो रावत से जोड़ा जा रहा है। वीडियो वर्ष 2022 का बताया जा रहा है। शहर कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### अखिलेश यादव ने कसा तंज

इस बीच,सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बिना किसी नेता का नाम लिए भाजपा पर तंज कसा है। एक्स पर लिखा किबकिसने सोचा था कि भाजपा के ऐसे दिन भी आएंगे कि - कुछ उम्मीदवार टिकट मिलने से पहले कुछ और काम को ज्यादा जरूरी बताने का बहाना करके दावेदारी छोड़ देंगे, कोई खेल को राजनीति से अधिक गंभीर मानकर बाहर जाने की बात करेगा।

### लोस चुनाव से पहले गुजरात में कांग्रेस को झटके पर झटका

# पहले कार्यकारी अध्यक्ष डेर, फिर पूर्व अध्यक्ष मोढवाडिया ने दिया इस्तीफा

एजेंसी | अहमदाबाद

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के गुजरात पहुंचने से पहले कांग्रेस को राज्य में एक और बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के विधायक व पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मोढवाडिया ने पद और पार्टी से इस्तीफे दे दिया है। मोढवाडिया ने विधायक पद से इस्तीफा राज्य विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा और इस तरह से पार्टी के साथ उनका 40 साल पुराना रिश्ता टूट गया। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। मोढवाड़िया पार्टी नेतृत्व की तरफ से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता ठुकराए जाने से



आहत थे। इससे पहले कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने की घोषणा कर दी। गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने डेर को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण निलंबित कर दिया था। विधानसभा कार्यालय ने



बताया कि पोरबंदर के विधायक मोढवाडिया ने गांधीनगर में विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी को विधायक पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया। चौधरी ने उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। गौरतलब है कि मोढवाडिया के इस्तीफे के बाद अब गुजरात

### खरगे को लिखा पत्र, राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता ठुकराए जाने पर जताई नाराजगी

मोढवाडिया ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे एक पत्र में पार्टी से इस्तीफा देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वह लोगों के लिए योगदान देने में असहाय महसूस कर रहे हैं और इसलिए उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पत्र में ने लिखा है कि उन्होंने हमेशा पार्टी को खून-पसीना देकर मजबूत करने की कोशिश की लेकिन विफल रहा। उन्होंने इसमें लिखा, आपको याद होगा कि 11 जनवरी को मैंने उस समय आपत्ति दर्ज कराई थी जब पार्टी नेतृत्व ने राम मंदिर का न्योता ठुकराया था। उन्होंने लिखा,... प्रभु राम सिर्फ हिंदुओं के लिए पूजनीय नहीं हैं, बल्कि पूरे भारत की आस्था हैं। निमंत्रण ठुकराने से भारत के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इस पवित्र अवसर से ध्यान भटकाने और अपमानित करने के लिए राहुल गांधी ने असम में हंगामा खड़ा करने का प्रयास किया, जिसने हमारी पार्टी के कार्यकर्ता और भारत के नागरिकों को और नाराज कर दिया। ।बता दें कि मोढवाडिया गुजरात के सबसे वरिष्ठ और प्रभावशाली विपक्षी नेताओं में से एक रहे हैं। उन्होंने 2022 के चुनावों में पोरबंदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के दिग्गज नेता बाबू बोखिरिया को हराया था। उनका यह कदम तब आया है जब सात मार्च को राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' गुजरात में प्रवेश करने वाली है।

### अंबरीश डेर आज भाजपा में हो सकते हैं शामिल

इस बीच, कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके एक अन्य नेता अंबरीश डेर मंगलवार को भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उनके इस्तीफे की घोषणा से ठीक पहले, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि रविवार रात हुई एक बैठक के दौरान पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने डेर को पार्टी के सभी पदों और कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया। गोहिल ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। इस बीच, टीवी चैनलों पर गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल के अहमदाबाद में पूर्व विधायक डेर के आवास पर पहुंचने की वीडियो क्लिप भी सामने आई है। हालांकि, डेर का कहना है कि पाटिल उनकी बीमार माताजी का हालचाल जानने पहुंचे थे।

### डेर 2022 में बने थे प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष

अंबरीश डेर को 2022 के गुजरात विधानसभा चुनावों से पहले कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था और वह राजुला में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी भाजपा के हीरा सोलंकी के हाथों हार गए थे। ऐसी अटकलें है कि अब हीरा सोलंकी को राजुला विधायक पद से इस्तीफा देने को कहा जा सकता है। उन्हें भावनगर लोकसभा सीट से मैदान में उतारा जा सकता है। वहीं, डेर को राजुला सीट से उपचुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

## जरूरी खबर

### महुआ मोइत्रा को ईडी का दूसरा समन जारी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा को फेमा उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। उन्हें 11 मार्च को एजेंसी के कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मोइत्रा ने जांच में शामिल होने के लिए कुछ हफ्तों का समय मांगा था। उन्होंने एजेंसी को पत्र भेजकर पिछले महीने पेश होने में असमर्थता जताई थीमोइत्रा को अब 11 मार्च को ईडी कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। जांच एजेंसी विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत उनसे पूछताछ करना चाहती है।

### MLA को एक बार की ही पेंशन देने के फैसले का स्वागत

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार व राष्ट्रीय पर्यावरण सुरक्षा समिति के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र रावत ने पंजाब सरकार के उस फैसले का स्वागत किया है जिसके तहत राज्य के विधायकों को अब एक बार की ही पेंशन मिलेगी, भले वह राज्य में कितनी ही बार विधान सभा का चुनाव जीतकर विधायक क्यों न बने हों। गौरतलब है कि राज्य की भगवंत मान सरकार के इस अभूतपूर्व निर्णय से एक से अधिक बार विधान सभा का चुनाव जीतने वाले विधायकों को झटका लगा है।

### भाजपा की दूसरी सूची कल आने की संभावना




**बेंगलुरु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा है कि पार्टी बुधवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर सकती है। उन्होंने कहा कि वह प्रत्याशियों के चयन को लेकर बुधवार को दिल्ली में आयोजित बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सहित दूसरे प्रदेशों की संसदीय सीटों पर भी उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दिया जा सकता है। उन्होंने कहा , मेरा मानना है कि बुधवार को सूची फाइनल हो जाएगी। राष्ट्रीय नेता सूची पर अंतिम फैसला करेंगे। क्या दूसरी सूची में कर्नाटक की सभी 28 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया जाएगा? इस सवाल पर येदियुरप्पा ने कहा, अब संभवतः कोई देरी नहीं होगी।

## बांग्लादेश के युवाओं की ठाकुर से मुलाकात



**नई दिल्ली।** *बांग्लादेश से भारत की यात्रा पर आए युवाओं के 100 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को नई दिल्ली में सूचना एवं प्रसारण व युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर से भेंट की।*

### अंततः कोर्ट में पेश हुईं जयाप्रदा, मिली जमानत



**रामपुर।** विशेष कोर्ट से फरार घोषित होने और हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने पर फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा नाहटा सोमवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हाजिर हुईं। जहां, उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लिया गया। जया प्रदा को सवा तीन घंटे तक न्यायिक हिरासत में रखने के बाद मेडिकल ग्राउंड पर उनका रीकॉल प्रार्थना पत्र मंजूर करते हुए रिहा कर दिया। फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने रामपुर से 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान उनके खिलाफ केमरी और स्वार थाने में आचार संहिता उल्लंघन की एफआईआर दर्ज हुई थीं।

इनका ट्रायल एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहा है। साथ ही पिछली तारीख पर कोर्ट ने उनके खिलाफ सीआरपीसी की धारा 182 की कार्रवाई करते हुए फरारी नोटिस जारी किया था।

## सुप्रीम कोर्ट में हुई कई अहम मामलों पर सुनवाई

# सनातन धर्म संबंधित टिप्पणी पर उदयनिधि को SC की फटकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सनातन धर्म पर टिप्पणी करने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। अदालत का कहना है कि आप एक मंत्री हैं और आपको अंजाम पता होना चाहिए। उदयनिधि तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार में मंत्री भी हैं। बीते साल सितंबर में उन्होंने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस और मलेरिया जैसी बीमारियों से की थी। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि वह भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के बाद अपनी याचिका लेकर शीर्ष अदालत के पास क्यों आए हैं। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री हैं और उन्हें अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। अदालत ने कहा, आपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है। आपको पता है कि आपने क्या कहा है।



### क्या था मामला

बीते साल 2 सितंबर को उदयनिधि ने कहा था, कुछ चीजें हैं, जिन्हें हमें उखाड़ फेंकना होगा और हम सिर्फ उनका विरोध नहीं कर सकते। मच्छरों, डेंगू, कोरोना और मलेरिया ऐसी चीजें हैं, जिनका हम विरोध नहीं कर सकते। हमें उन्हें उखाड़ फेंकना होगा। सनातनम भी ऐसा ही है। विरोध नहीं, इसे जड़ से खत्म करना हमारा पहला काम होना चाहिए।

### 'आप' राउज एवेन्यू का दफ्तर 15 जून तक करे खाली

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी को राउज एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय खाली 15 जून तक खाली करने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि देश में कुछ ही समय बाद लोकसभा चुनाव होने हैं और अदालत ने इसे ध्यान में रखते हुए आम आदमी पार्टी को अतिरिक्त मोहलत देते हुए यह निर्देश दिया है।

जमीन के लिए केंद्र के समक्ष आवेदन करे। साथ ही यह भी कहा कि यह जमीन दिल्ली हाईकोर्ट को दी गई जमीन पर अतिक्रमण है।

#### सुप्रीम कोर्ट ने जताई थी नाराजगी

इससे पहले, पिछली सुनवाई में राउज एवेन्यू स्थित आम आदमी पार्टी के दफ्तर की जमीन पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हैरानी की बात है कि दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर एक राजनीतिक दल का दफ्तर चल रहा है।

## मणिपुर: सर्वसम्मति से विधेयक पारित

### जगहों का नाम बदला तो होगी तीन साल की जेल

**एजेंसी** | इंफाल



मणिपुर विधानसभा ने सोमवार को एक कानून पारित किया, जिसके तहत स्थानों का नाम बदलने पर तीन साल तक की जेल की सजा और 2 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच चल रहे जातीय संघर्ष के बीत विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से यह विधेयक पारित किया गया। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मणिपुर राज्य सरकार हमारे इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और पूर्वजों द्वारा दी गई विरासत की रक्षा के लिए गंभीर है। सिंह ने कहा, हम सहमति के बिना स्थानों के नाम बदलने और दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस गुनाह के तहत दोषियों को सख्त कानूनी सजा दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि विधेयक को शुक्रवार को पेश किया गया था। विधेयक में कहा गया है कि कुछ व्यक्तियों, समूहों या संगठनों द्वारा दुर्भावनापूर्ण इरादे से स्थानों के नाम बदले जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में प्रशासन में भ्रम पैदा होने और सामाजिक सद्भाव खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। विधेयक में कहा गया है कि स्थानों नामों के ये परिवर्तन सरकारी अधिकारियों के लिए अपने कर्तव्यों के निर्वहन के समय प्रशासनिक चुनौतियां पैदा करते हैं। विधेयक के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा सात सदस्यीय समिति नियुक्त की जाएगी, जो सरकार को स्थानों के नाम बदलने सुझाव देने के लिए अधिकृत होगी। पिछले साल मई से इंफाल घाटी में प्रभावी मैतेई और कुछ पहाड़ी इलाकों में बहुमत वाले आदिवासी कुकी समुदायों के बीच जातीय झड़पें हो रही हैं।

## जल्द जारी होंगे नियम, राज्यों की नहीं होगी भूमिका

# लोस चुनाव से पहले लागू होगा CAA

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लोकसभा चुनाव से पहले ही लागू कर दिया जाएगा। इस संबंध में गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर शांतनु ठाकुर ने कहा, उन्होंने हमें समझाया कि यह बहुत जरूरी संवैधानिक मामला है और इसे लागू करना जरूरी है। हमें सीमा पार से आने वाले लोगों को आश्रय देना है और बसाना भी है। सीएए को इस तरह से लागू किया जाएगा कि इसमें राज्य सरकारों की कोई भूमिका नहीं होगी। उन्हें देश का माहौल बिगाड़ने का कोई मौका नहीं मिलेगा। ठाकुर ने सोमवार को बताया कि सीएए को लागू करने में कोई बाधा नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने के नियम जल्द ही जारी किए जाएंगे और लाभार्थियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। इसे अमल में लाने के तरीके पर चर्चा की जा रही है।



#### सीएए पहले से ही संविधान में है

उल्लेखनीय है कि इससे पहले इस साल फरवरी में अमित शाह ने कहा था कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले अधिसूचित और लागू किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि सीएए पहले से ही संविधान में है। अब इसे लागू करना बाकी है।

### हिमाचल: सुप्रीम कोर्ट पहुंचे बागी विधायक

**शिमला।** हिमाचल में अयोग्य घोषित किए गए कांग्रेस के छह बागी विधायक सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, देवेंद्र भुट्टो, चैतन्य शर्मा, आईडी लखनपाल और रवि ठाकुर ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती दी है। छह मार्च को याचिका पर सुनवाई होने की संभावना है। दलबदल विरोधी कानून के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 29 फरवरी को छह विधायकों को अयोग्य करार देने का फैसला सुनाया था।

## स्वीडन के मंत्री भारत के दौरे पर



**नई दिल्ली।** *स्वीडन के अंतरराष्ट्रीय सहयोग विकास व विदेश व्यापार मंत्री हाकन जावरेल ने सोमवार को नई दिल्ली में रक्षा सचिव गिरधर अरमाने से मुलाकात की और आपसी सहयोग के मसलों पर चर्चा की।*

## रक्षा मंत्री ने किया 'डेफकनेक्ट 2024' सम्मेलन का उद्घाटन

# सैन्य साजो-सामान मामले में आयात पर निर्भर नहीं रह सकता भारत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत जैसा विशाल देश सैन्य साजोसामान के आयात पर निर्भर नहीं रह सकता, क्योंकि ऐसी निर्भरता उसकी रणनीतिक स्वायत्तता के लिए 'घातक' हो सकती है। उन्होंने कहा कि हम रणनीतिक स्वायत्तता तभी बरकरार रख पाएंगे जब हथियार और साजो-सामान हमारे देश में हमारे अपने लोगों द्वारा बनाए जाएं। हमने इस दिशा में काम किया और हमें सकारात्मक परिणाम भी दिखे। राजनाथ सिंह ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित मानेकशा सेंटर में 'डेफकनेक्ट 2024' के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने दावा किया कि रक्षा आयात पर निर्भरता के कारण भारत को अतीत में मुश्किल समय में परेशानी का सामना करना पड़ा था। स्वदेशी नवाचार को प्रोत्साहन देने और बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए साझेदारी को सुगम बनाने के लिए इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस-डिफेंस इनोवेशन ऑर्गनाइजेशन (आईडेक्स-डीआईओ) द्वारा 'डेफकनेक्ट 2024' का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अत्याधुनिक तकनीकों को प्रदर्शित करना है। यह आयोजन रक्षा क्षेत्र में भारत के अग्रणी उद्योगों से बड़ी संख्या में निवेशकों को आकर्षित करेगा।




राजनाथ ने कहा, रक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के बिना भारत अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप वैश्विक मुद्दों पर स्वतंत्र रुख अख्तियार नहीं कर पाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब हमारी सरकार 2014 में सत्ता में आई तो हमने देखा कि भारत के सैन्य साजोसामान का बड़ा हिस्सा आयात किया जाता है। अगर किसी देश के सुरक्षा संबंधी उपकरणों का बड़ा हिस्सा आयात किया जाता है, तो उस देश को गंभीर परिस्थितियों में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, अतीत में भारत के साथ भी ऐसा हुआ है। जब भारत कठिन समय में था तो हमें हथियारों के लिए आयात पर निर्भरता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा था।

#### अदिति योजना लॉन्च

'डेफकनेक्ट 2024' के दौरान अदिति (एक्टिंग डेवलपमेंट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज विद आईडीईएक्स) योजना लॉन्च की गई। 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए शुरू की गई 750 करोड़ रुपए की अदिति योजना का लक्ष्य लगभग 30 महत्वपूर्ण और रणनीतिक प्रौद्योगिकियों को विकसित करना है। इस कार्यक्रम में डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज (डीआईएससी) के 11वें संस्करण का भी शुभारंभ हुआ, जिसने रक्षा क्षेत्र के प्रतिष्ठान और स्टार्ट-अप ईकोसिस्टम के बीच सहयोग में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई।

#### रक्षा निर्यात एक लाख करोड़ के पार

रक्षा मंत्री ने कहा, घरेलू रक्षा उत्पादन का वार्षिक आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड आंकड़े को पार कर गया है जो 2014 के आसपास लगभग 44,000 करोड़ रुपए था। यह लगातार बढ़ रहा है।"

### नौसेना कंमाडरों का सम्मेलन आज से समुद्री सुरक्षा पर होगा मंथन

नई दिल्ली। नौसेना के कमांडरों का सम्मेलन मंगलवार से शुरू होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना के शीर्ष कमांडर मंगलवार को अरब सागर में नौसेना के दो विमानवाहक पोतों में से एक विमानवाहक पोत पर होने वाले सम्मेलन में भारत की समुद्री सुरक्षा चुनौतियों की समीक्षा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि द्विवार्षिक नौसेना कमांडरों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री दोनों विमानवाहक पोतों की क्षमता को देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे। 'ट्विन कैरियर आपरेशंस' में विमानवाहक आइएनएस विक्रांत और आइएनएस विक्रमादित्य युद्ध क्षमता को प्रदर्शित करेंगे।

**पीपीएल: शुभम के शतक और हरमन की घातक गेंदबाजी से पहुंचा सेमीफाइनल में**

# क्वार्टर फाइनल में 'सच बेधड़क' टीम ने फर्स्ट इंडिया रेड को 8 विकेट से हराया



फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क.जयपुर।** प्रेस प्रीमियर लीग-2024 (पीपीएल) के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सच बेधड़क ने फर्स्ट इंडिया रेड को 8 विकिट से हराकर टूर्नामेंट के सेमिफाइनल में जगह पक्की कर ली है। सोमवार को दोनों टीमों के बीच हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सच बेधड़क ने शानदार जीत दर्ज की और इस जीत के हीरो शुभम पाटीदार शतकवीर और हरमन सिंह रहे। शुभम ने 57 बॉल पर 106 रन की शानदार पारी खेली तो हरमन ने 4 ओवर्स में 27 रन देकर पांच विकिट हांसिल किए।

### रेड ने टॉस जीतकर की पहले बल्लेबाजी

दोपहर के मुकाबले में फर्स्ट इंडिया रेड ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और 20 ओवर्स में 9 विकिट खोकर टीम ने 160 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में टारगेट का पीछा करने उतरी सच बेधड़क की शुरुआत अच्छी रही और सलामी बल्लेबाज कार्तिक शर्मा (कैप्टन) और शुभम पाटीदार ने टीम को ठोस शुरुआत दी। दोनों ने पावर प्ले का अच्छा इस्तेमाल किया और ग्राउंड के हर कोने पर शॉर्ट्स लगाते हुए रन बटोरे। पाटीदार ने अपना शतक पूरा किया और टीम 8 विकिट से जीतते हुए टूर्नामेंट के सेमिफाइनल में पहुंच गई।



### हरमन और विमल ने की घातक गेंदबाजी

बात की जाए गेंदबाजी की तो सच बेधड़क के विमल सिंह तंवर और हरमन सिंह ने सधी हुई व घातक गेंदबाजी करते हुए सामने वाली टीम को रोके रखा। हरमन ने 4 ओवर्स में 27 रन देते हुए 5 विकिट झटके और विमल ने 4 ओवर्स में 28 रन देकर 1 विकिट लिया।

**मैन ऑफ द मैच**
**शुभम पाटीदार**

| 57 | 106 |
|---|---|
| गेंद | रन |




## हेल्पर टूल के रूप में अपनाएं AI



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित पिंक फेस्ट ने भारत के सांस्कृतिक वैभव का अद्भुत ताना-बाना बुना। विजुअल आर्ट, लिटरेचर और परफॉर्मिंग आर्ट की मनोरम झलक कला प्रेमियों को रोमांचित कर गई। चर्चा सत्र, फिल्म स्क्रीनिंग, नाटक का मंचन और ओपन माइक सेशन खास रहे। फेस्ट के दौरान धर्मेंद्र राठौड़ के क्यूरेशन में 100 से अधिक आर्टिस्ट की पेंटिंग्स एग्जीबिट की गई। ब्राजिल, नार्वे, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड आदि देशों के कलाकारों और जगन्नाथ पांडा, कंचन चंद्रा, संगीता गुप्ता, सुनील विश्वकर्मा, श्रीधर अय्यर, अंकित पटेल आदि कलाकारों का हुनर देखने को मिला। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि एआई आपकी रचनात्मकता आपसे नहीं छीन सकती। इसे हेल्पर टूल की तरह अपनाते हुए विवेक से काम लेना चाहिए।

## डॉ. दीप्ति युवा प्रदेश अध्यक्ष बनीं

**बेधड़क. जयपुर।** डॉ. दीप्ति शर्मा को अखिल भारतीय शक्ति पुंज ट्रस्ट परिवार अयोध्या की ओर से 'युवा प्रदेश अध्यक्ष' राजस्थान पद पर मनोनीत किया गया। डॉक्टर शर्मा बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं और विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए उन्हें कई अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है।



## जयपुराइट्स ने किया श्रमदान



**बेधड़क. जयपुर।** टीम-10 ने सोमवार को विद्याधर नगर के सेक्टर 6 की ग्रीन बेल्ट में (दिल्ली पब्लिक स्कूल की साइड) पौधा रोपण और श्रमदान कर जयपुराइट्स को संदेश दिए और ग्रीनरी लाने का प्रयास किया। उन्होंने कई ग्रुप बनाकर टीम वर्क करते हुए काम किया। इस दौरान एक ग्रुप ने प्लांटेशन तो दूसरे ने टैंकर से पानी डालते हुए पहले से लगे पौधों को जीवित रखने की कोशिश की। वहीं तीसरा ग्रुप विद्याधर नगर की विभिन्न गलियों से पिकअप से मलवा उठाकर लाया।

## City इवेंट्स

### रेलवेकर्मियों को मिलेगी बेहतर चिकित्सा



**बेधड़क. जयपुर।** अब रेलकर्मियों तथा उनके परिजनों को बेहतर उपचार मिलेगा, क्योंकि केन्द्रीय चिकित्सालय जयपुर में नए यूरोलॉजी आपरेशन थिएटर और पुनर्निर्मित-नवीनीकृत ओटी कॉम्प्लेक्स की सुविधा की शुरुआत की गई है। केन्द्रीय चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करते हुए अमिताभ (महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे) ने नई सुविधाओं की शुरुआत की। इन आधुनिक और उन्नत चिकित्सीय सुविधाओं के उपलब्ध होने से रेलकर्मियों तथा उनके परिजनों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त उपचार मिल सकेगा। इस अवसर पर अमिताभ ने कहा कि उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए कार्य कर रहे हैं और रेलवे चिकित्सालयों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

### 'वागेश्वरी' में बिखरेगी साहित्य की सुगंध

**बेधड़क. जयपुर।** इंटरनेशनल वुमंस डे पर जवाहर कला केन्द्र की ओर से 8 से 10 मार्च तक 3 दिवसीय वागेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महिला कलाकारों की प्रस्तुतियां संगीत, नाट्य, दृश्य कला और साहित्य की सुगंध से सराबोर करेंगी। पहले दिन 8 मार्च को रंगायन में शाम 6:30 बजे से 'तत् अवनद्य प्रस्तुति' में तबला गर्ल के नाम से मशहूर कोलकाता की रिम्पा शिवा, राजेंद्र बनर्जी के सुरीले नगमा वादन पर एकल तबला वादन प्रस्तुत करेंगी। देश की प्रथम महिला संतूर वादक उज्जैन की डॉ. वर्षा अग्रवाल और रिंपा शिवा सुर, लय और ताल की समावेशित प्रस्तुति भी देंगे। वहीं 9 मार्च को कृष्णायन में कोमल पांडे सुगम गायन की प्रस्तुति देंगी। रंगायन में शाम 6:30 बजे 'ये रास्ते हैं प्यार के' नाट्य प्रस्तुति में अभिनेत्री और गायिका इला अरुण, केके रैना और अविनाश उज्जैन का अभिनय देखने को मिलेगा। 10 मार्च को प्रो. सुनीता तिवारी नागपाल के निर्देशन में नाटक 'द स्वान सौगं' का मंचन होगा। महोत्सव के तहत 8 से 12 मार्च तक अलंकार कला दीर्घा में डॉ. कृष्णा महावर के क्यूरेशन में देश की 10 ख्यातनाम महिला चित्रकारों का शिविर आयोजित किया जाएगा।

### फ्री मेडिकल कैंप में किया जागरूक

**बेधड़क. जयपुर।** रोटरी सामुदायिक दल लदाना के द्वारा सहाय हॉस्पिटल और थापर डेंटल क्लिनिक के सहयोग से दिगंबर जैन मंदिर में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डॉक्टर्स ने लोगों की आंखों की जांच की। साथ ही डेंटल चेकअप किया गया। इस मौके पर सभी ने लोगों की हेल्थ अच्छी रखने के साथ शांति-सौहार्द की प्रार्थना भी की। लोगों को उनकी हेल्थी संबंधी टिप्स दिए गए और सभी को हेल्दी लाइफ स्टाइल के लिए प्रोत्साहित करते हुए जरूरी जानकारी दी गई।

**5 दिवसीय पुस्तक मेला शुरू, होगी काव्य गोष्ठी**

## जयपुराइट्स ने जानी राइटर्स की पुस्तकों की बारीकियां



**बेधड़क | जयपुर**

इंटरनेशनल वुमंस डे के पर राधाकृष्णन राज्य केंद्रीय पुस्तकालय में पुस्तक मेला शुरू हुआ। 8 मार्च तक आयोजित होने वाले मेले के दौरान काव्य पाठ व काव्य चर्चा का आयोजन खास है। हर उम्र के लोगों ने विभिन्न किताबों के बारे में जाना और उनको पढ़ा। पहले दिन से पुस्तक प्रेमियों की आवाजाही लगी रही और उन्होंने लेखकों को भी जाना। पुस्तकालय प्रभारी ने बताया कि मेले में नेशनल बुक ट्रस्ट, साहित्य अकादमी, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, राजस्थान उर्दू अकादमी व जवाहर कला केन्द्र की पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान पुस्तकालय के सभागार में मंगलवार दोपहर 3 बजे प्रगतिशील लेखक संघ जयपुर द्वारा 'काव्यगोष्ठी', 7 मार्च शाम 3 बजे संपर्क साहित्य संस्थान द्वारा 'काव्यगूंज' व 8 मार्च दोपहर 2 बजे थार व माही संदेश संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कवि गोष्ठी 'वामाक्षी' का आयोजन किया जाएगा। इसमें राजस्थान के कवि महिला केंद्रित मुद्दों पर रचनाएं प्रस्तुत कर महिला सशक्तिकरण, महिला वैचारिक स्थापना और समाज में महिलाओं की सशक्त भागीदारी के लिए विचार प्रस्तुत करेंगे।

काव्यगोष्ठी में राजस्थान भर से विशेषज्ञ शामिल होंगे जो युवाओं के साथ-साथ पुस्तक प्रेमियों को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही गोष्ठी में आने वाले लोग विशेषज्ञों से सीधा संवाद कर सकेंगे। पहले दिन भी युवाओं ने किताबों पर चर्चा की।

**वरिष्ठ पत्रकार विश्वास कुमार की स्मृति में व्याख्यान**

## मीडिया के बदलते दौर में आज विश्वसनीय पत्रकारिता जरूरी



**बेधड़क | जयपुर**

मीडिया के इस बदलते दौर में आज विश्वसनीय पत्रकारिता की आवश्यकता है। उदारीकरण के दौर से पत्रकारिता में बदलाव आए हैं। यह बात वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चतुर्वेदी ने पिंकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित व्याख्यान में कही। पत्रकार स्व. विश्वास कुमार की स्मृति में डिजिटल पत्रकारिता और इसके प्रभाव विषयक व्याख्यान में चतुर्वेदी ने कहा, कि डिजिटल मीडिया से तत्काल न्यूज तो मिल रही है, लेकिन इसमें निष्पक्षता की कमी है। तत्काल न्यूज के साथ ही डिजिटल मीडिया को इसके प्रभाव और दुष्प्रभाव को दिखाना चाहिए। पिछले एक दशक में लिट्रेसी बढ़ने के साथ-साथ पत्रकारिता में बदलाव आया है। डॉ. संदीप पुरोहित ने कहा कि डिजिटल पत्रकारिता में गुण और अवगुण दोनों हैं। न्यूज रीयल टाइम हो गई है और हम तत्काल अपडेट हो रहे हैं। यहीं नहीं कंटेट की क्वालिटी इम्प्रूव हुई है, जो कि कहीं ना कहीं प्रिंट के लिए चैलेंज बन गई है। डिजिटल मीडिया का दायरा बढ़ा है और इससे प्रिंट की परेशानी में इजाफा हुआ है। रुटीन न्यूज में नयापन लाना प्रिंट के लिए काफी मुश्किल होता जा रहा है। डिजिटल आज खबरों के लिए पहला सोर्स बन गया है, वहीं इलेक्ट्रानिक और प्रिंट सेकेंडरी हो गए हैं। तमाम खूबियों के बीच डिजिटल मीडिया के कंटेंट पर कोई गेटकीपर या जांच की व्यवस्था नहीं है, जिससे कई बार फेक कंटेट आ जाता है। अनफिल्टर्ड कंटेंट से कई बड़े मामलों में भ्रांतियां फैलीं।

**नाटक** | **रवींद्र मंच पर कॉमेडी प्ले का मंचन**

## 'कुंवारे अब्बा का निकाह' में तेजाब पीड़ित महिला की व्यथा

**बेधड़क | जयपुर**

कला, साहित्य, संस्कृति व पुरातत्व विभाग राजस्थान के सहयोग से आगाज द अमेजिंग रंगमंच ग्रुप ने कॉमेडी थिएटर ड्रामा 'कुंवारे अब्बा का निकाह' का मंचन रवींद्र मंच पर किया तो दर्शक रोमांचित हो गए। डॉ. बुलबुल नायक निर्देशित नाटक की कहानी कुंवारे अब्बा के इर्द-गिर्द घुमती रही।

अब्बा पूरी तरीके से लूटे जा चुके थे, क्योंकि उनकी गलत आदत की वजह ही लुटे थे। उसने 5 महिलाओं से चक्कर तो चलाया, लेकिन किसी से निकाह नहीं कर सके। सबने उसको अच्छे से लूटा। यहां तक कि मौलाना एक खाली पेपर पर हस्ताक्षर करा लेता है और मकान में मौलाना धोखाधड़ी कर मकान कब्जे मे कर लेता है। अब्बा के पास कुछ नहीं बचा था।

कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद उसको मकान मिल जाता है। उसकी दोनों बहनें घर आती हैं। लड़की देखना शुरू करती है। बड़ी मुश्किल से एक रिश्ता पक्का होता है और लड़की के अब्बू देखने घर आते हैं। ऐसे में धीरे-धीरे में कहानी आगे बढ़ती है।



### नहीं बना पाए बॉडी

वो सबसे पहले जिम ट्रेनर को घर बुलाता है और बॉडी बनाने की तैयारी करता है, लेकिन बॉडी बनाने में नाकाम रहता है। क्योंकि, उसके हाथ-पैर ठीक से काम नहीं करते हैं। 15 दिन निकलने के बाद लड़की के पिता उसे पसंद कर चले जाते हैं। उसका निकाह हो जाता है और अब बारी आती है लड़की की सूरत देखने की। उसे देखकर वह गुस्सा हो जाता है, क्योंकि लड़की की सूरत जली हुई थी।

### इन कलाकारों ने किया अभिनय

नाटक में करन सोनी, डॉ. बुलबुल नायक, खुशबू आसुदानी, मनन आसुदानी, देवांग सैनी, हिमांशु सोनी, राजेश्वरी भातरा, राकेश सोनी, उमेश शर्मा ने अभिनय क्षमता का परिचय दिया। संगीत प्रकाश गोपाल दास ने दिया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 05 मार्च, 2024


लक्ष्यहीन जीवन हमेशा एक परेशान जीवन होता है। प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य होना चाहिए।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### हैती में लगाया 72 घंटे का आपातकाल

# जेल से भाग गए 4 हजार खूंखार कैदी



## अपराधियों को पकड़ने के लिए लगाया गया कर्फ्यू

**एजेंसी** | पोर्ट अउ प्रिंस

कैरेबियाई देश हैती में लंबे समय से हिंसा चल रही है। रविवार रात यहां इतना उग्र प्रदर्शन हुआ कि जेलों के भी ताले टूट गए और करीब चार हजार खूंखार कैदी फरार हो गए। इन कैदियों में कई हत्यारे, किडनैपर और अपराधी शामिल हैं। वहीं पूरे देश में 72 घंटे का आपातकाल लगा दिया गया है। अब सरकार ने फरार लोगों को पकड़ने की घोषणा की है। हैती में कई कुख्यात गिरोह हैं जो कि हिंसा के लिए जिम्मेदार हैं। ये उपद्रवी दुकानों और रिहाइशी इलाकों मे तोड़फोड़ करते हैं। सरकारी दफ्तरों पर हमला बोलते हैं। हिंसा के दौरान ही एक सशस्त्र गिरोह ने देश की दो बड़ी जेलों पर हमला कर दिया। इसके बाद कैदी निकलकर भाग गए। हैती में इस समय कार्यवाहक प्रधानमंत्री पैट्रिक बायोवर्ट ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के लिए कर्फ्यू लगाया गया है। वहीं दूसरे देशों से मदद और यूएन से समर्थन हासिल करने के लिए एरियल हेनरी विदेश यात्रा पर हैं।

गौरतलब है कि पूर्व पुलिस अधिकारी जिमी चेरिजियर का गैंग हेनरी को सत्ता से हटाना चाहता है। यह गैंग सरकारी संस्थानों पर भी हमला करता है और किसी तरह लोगों के मन में सरकार के प्रति अविश्वास पैदा करने का प्रयास कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब जेल पर हमला हुआ तो वहां कोई अधिकारी मौजूद ही नहीं था। इसके बाद पाया गया कि जेल के सारे दरवाजे खुले थे और कर्मचारी नदारद थे।

### गिरोह के हमलों में कई कैदियों की मौत


हैती की सरकार का कहना है कि पुलिस कर्मियों ने उपद्रवियों को रोकने की कोशिश की और इस प्रयास में कई कर्मचारी घायल भी हो गए। जिमी चेरिजियर ने पहले सरकार के खिलाफ प्रदर्शन का रास्ता अपनाया था, लेकिन बाद में उनका गिरोह हिंसा पर उतर आया। रिपोर्ट्स के मुताबिक हिंसा के बाद जेलों में कैदियों को शव पड़े थे। गिरोह के हमलों में कई कैदियों की मौत भी हो गई है।

### पूर्व PM युसुफ रजा सीनेट अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे

# गिलानी ने भरा नामांकन पत्र, 14 मार्च को चुनाव

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री सैयद यूसुफ रजा गिलानी को लेकर चर्चा तेज हो गई है। उनके सीनेट के अध्यक्ष बनने की संभावना है। सीनेट के अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव के लिए गिलानी ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है। गौरतलब है कि आठ फरवरी को पंजाब प्रांत के मुल्तान से नेशनल असेंबली के लिए चुनाव जीता था, हालांकि उन्होंने अपनी सीट खाली कर दी है। इस्लामाबाद से सीनेट सीट के लिए चुनाव लड़ेंगे। 29 फरवरी को निचले सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने वाले गिलानी ने नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री चुनने के लिए चुनाव के दौरान पाकिस्तान मुस्लिम लीन-नवाज के अध्यक्ष शहबाज शरीफ के लिए मतदान किया। पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच गठबंधन के बाद गिलानी के अगले सीनेट अध्यक्ष बनने की उम्मीद है। गिलानी ने 2008 से 2012 तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया।



**चौधरी से होगा गिलानी का मुकाबला:** मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि सीनेट अध्यक्ष पद के लिए गिलानी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के समर्थित चौधरी इलियास मेहरबान से होगा। सीनेट के लिए मतदान 14 मार्च को नेशनल असेंबली में होगा। मेहरबान सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार होंगे क्योंकि पीटीआई का नेशनल असेंबली में प्रतिनिधित्व नहीं है क्योंकि इमरान खान की पार्टी चुनाव नहीं लड़ सकती है। गौरतलब है कि कई राजनीतिक दलों के कुल 19 अन्य उम्मीदवार सीनेट की पांच अन्य सीटों के लिए मैदान में हैं, जिनमें से तीन बलूचिस्तान से और दो सिंध से हैं, जो राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए संसद के ऊपरी सदन के सदस्यों के चुनाव के बाद खाली हो गई थीं।

## गोलीबारी में 4 की मौत

**किंग सिटी**। मध्य कैलिफोर्निया में नकाबपोश लोगों के एक समूह ने एक आउटडोर पार्टी में गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। रविवार शाम 6 बजे के आसपास गोलीबारी की सूचना पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों घायल लोगों को सेलिनास के नतिविदाद अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस के मुताबिक एक आवास के बाहर कई लोग पार्टी कर रहे थे, तभी गहरे रंग के मुखौटे और कपड़े पहने तीन लोग एक सिल्वर रंग की कार से बाहर निकले और समूह पर गोलीबारी शुरू कर दी।



### भारी जलसंकट

# बूंद-बूंद का मोहताज हुआ मेक्सिको

**एजेंसी** | मेक्सिको सिटी

समृद्ध संस्कृति और अविश्वसनीय व्यंजनों के लिए जाना जाने वाला मेक्सिको भीषण जल संकट से जूझ रहा है। मेक्सिको लगभग 22 मिलियन लोगों का एक विशाल महानगर है जो दुनिया के सबसे बड़े शहरों में गिना जाता है। भौगोलिक चुनौतियों, अव्यवस्थित शहरी विस्तार और पुराने होते बुनियादी ढांचे में रिसाव की संभावना सहित जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जल संकट की समस्या और भी गंभीर हो गई है। CNN की एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कम वर्षा, लंबे समय तक सूखा और बढ़ते तापमान ने पहले से ही इस देश की जल प्रणाली पर भारी दबाव बढ़ा दिया है। इसके कारण अधिकारियों को जलाशयों से पानी निकालने पर पर्याप्त सीमाएं लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मैक्सिको (यूएनएएम) के वायुमंडलीय वैज्ञानिक क्रिश्चियन डोमिंग्वेज सरमिएंटो ने सीएनएन को बताया कि कई इलाकों में लोग हफ्तों से पानी की कमी से जूझ रहे हैं और बारिश शुरू होने में अभी भी चार महीने बाकी हैं।

### 90 प्रतिशत शहर में गंभीर सूखे के हालात से जूझ रहे लोग



मेक्सिको सिटी को इस समय भूकंपीय कमजोरियों और जलवायु परिवर्तन के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता के कारण धंसने जैसी निरंतर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। मेक्सिको सिटी अपने अतिदोहित जलभृत पर बहुत अधिक निर्भर करता है, जो इसको लगभग 60 प्रतिशत पानी प्रदान करता है। फरवरी की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि लगभग 90% मेक्सिको गंभीर सूखे की स्थिति का सामना कर रहा है। प्राकृतिक जलवायु में उतार-चढ़ाव के प्रति मेक्सिको की संवेदनशीलता के कारण यह भेद्यता बढ़ गई है। बता दें कि ला नीना की घटनाएं सूखे को बढ़ाती हैं, जबकि अल नीनो नियमित होने वाली बारिश को बाधित करता है, जिससे शहर के जल संसाधन लगातार दबाव में रहते हैं।

# जीतने वालों में इस बार 11 महिलाएं

# ईरान चुनाव में कट्टरपंथियों का दबदबा

**एजेंसी** | दुबई

ईरान में हुए आम चुनाव कट्टरपंथी नेताओं का दबदबा रहा है और उन्होंने सत्ता पर पकड़ बरकरार रखी है। आम चुनाव के नतीजे सोमवार को जारी किए गए। हालांकि, अधिकारियों ने अब भी शुक्रवार को हुए मतदान के आंकड़े जारी नहीं किए हैं और न ही देरी का कोई कारण बताया है। राजधानी तेहरान में मतदान केंद्रों पर कम मतदाता देखे जाने के बाद मतदान का प्रतिशत कम होने की आशंका जताई गई थी। चुने गए 245 नेताओं में से 200 को चुनाव से पहले प्रकाशित मतदाता गाइडों में कट्टरपंथी समूहों द्वारा समर्थन दिया गया था। लगभग 45 सांसदों को अपेक्षाकृत उदारवादी, रूढ़िवादी या स्वतंत्र बताया गया था। वर्तमान संसद में 18 सुधार का समर्थन करने वाले नेता और 38 अन्य स्वतंत्र उम्मीदवार हैं। जीतने वालों में 11 महिलाएं हैं, जबकि मौजूदा संसद में 16 महिलाएं विधायक हैं। गौरतलब है कि अधिकारियों ने देश की सरकार के भीतर किसी भी बदलाव का आह्वान करने वाले अधिकांश नेताओं को चुनाव में भाग लेने से रोक दिया था। न्यूयार्क स्थित सौफान सेंटर थिंक टैंक ने कहा कि चुनावों ने इस बात की पुष्टि की है कि निकट भविष्य में ईरानी नीतियां नहीं बदलेंगी, लेकिन मतदान से पता चला कि ईरानी जनता इस्लामिक गणराज्य के रास्ते से असंतुष्ट है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl